जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 12 ❖ अंक 11 ❖ अप्रेल 2022 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति

महेश नवमी

9 जून

2022



बहुप्रतिक्षित सर्वधर्म मोक्षधाम, चांदपोल का लोकार्पण

24 अप्रेल 2022

mps निर्माण नगर

भूमि पूजन

12 मई, प्रातः 11:15 बजे



बहुउद्देशीय शिक्षण संस्थान

बनीपार्क का लोकार्पण मई, 2022 में






जगतपुरा का लोकार्पण

मई, 2022 में

# समाज की उपलब्धियों पर एक नजर

**महत्वपूर्ण उपलब्धियों भरा 3 वर्ष का सफर**



**श्री माहेश्वरी डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेंटर भवन का निर्माण एवं लोकार्पण**
(भूमि प्रदत्तः स्व.श्रीमती भगवती देवी मालपानी की स्मृति में)




**समाज द्वारा माहेश्वरी बन्धुओं के लिए जोनवार ब्लड कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ**



**समाज बंधुओं हेतु निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध**



**समाज बंधुओं हेतु निःशुल्क ई-मित्र की सुविधा उपलब्ध**



**समाज की नई जनगणना का कार्य पूर्ण।**



**निःशुल्क दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत समाज के तीन-चार परिवारों को बीमा कम्पनी द्वारा सहयोग दिलवाया।**
समाज में पंजीकृत सभी सदस्यों का निःशुल्क दुर्घटना बीमा प्रतिवर्ष करवाया जाता है।




**मैरिज ब्यूरो द्वारा परिचय-सम्मेलन आयोजित एवं युवक-युवतियों के बायोडेटा का संकलन एवं प्रकाशन**



**पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत समाज के सभी विद्यालयों में पाँच हजार पौधे लगाये गये।**




**महेश नवमी 2019 को समाज के इतिहास में 2 करोड़ 2 लाख रु. का रिकॉर्ड संग्रह।**



## महेश नवमी पर घोषणाएं

- विधवा बहनों एवं वृद्धजनों हेतु मासिक सहायता में बढ़ोत्तरी
- माहेश्वरी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, किताबें एवं यूनिफॉर्म
- कोरोना पीड़ित परिवारों के छात्र-छात्राओं को माहेश्वरी स्कूलों में प्रवेश हेतु प्राथमिकता।



**कोविड आपदा में समाज बंधुओं को निरन्तर चिकित्सा परामर्श, रियायती दरों पर दवाईयां, जाँच की व्यवस्था, निःशुल्क भोजन, निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण**



**समाज के विधान एवं नियमावली में संशोधन कर समाज हित में उठाया कदम।**




**"जयपुर माहेश्वरी पत्रिका" प्रतिमाह एक नये विषय के साथ समाज के सभी कार्यक्रमों, उपलब्धियों का प्रकाशन।**




**सद्संस्कार समिति द्वारा समाज बंधुओं एवं विद्यार्थियों हेतु विशेषज्ञों द्वारा प्रेरणादायक परिचर्चाएं, वर्कशॉप एवं सेमिनार का आयोजन किया गया।**



**सर्वधर्म मोक्षधाम, चांदपोल के नवनिर्माण एवं सौंदर्यीकरण का 24 अप्रेल, 2022 को लोकार्पण।**



**श्री सत्यनारायण जी हिंगड द्वारा वैशाली नगर में निःशुल्क भूमि प्रदत्त हुई है।**

**25 लाख रुपये का सेवा कोष**

**समाज में अब तक का सर्वाधिक राशि का कोष 25 लाख रु. 'श्री परसराम-वासन्ती देवी शारदा स्मृति सेवा कोष' स्थापित।**

जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 12 ❖ अंक 11 ❖ अप्रेल 2022 ❖ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति




## मदर्स डे
विशेष

## मई, 2022 में विमोचन




वर्ष 1926 से शुरू शिक्षा की गौरवशाली यात्रा का दस्तावेज




शिक्षण संस्थाओं में प्रशासनिक सुदृढ़ता के लिए मार्गदर्शिका




संस्कृति विद्यालयों के संचालन की मार्गदर्शिका


60 सालो से आपके विश्वास पर खरा
माहेश्वरी चाय
आपके कप की चाय
माहेश्वरी
चाय
हर सुबह की खुशनुमा शुरूआत
माहेश्वरी चाय के साथ
VOCAL FOR LOCAL
आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय
माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि. जयपुर
फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com | www.maheshwaritea.com
Follow Us : www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea
मिलते - जुलते नाम व पैकिंग से सावधान
SIDDHI

# समाजजनों के सहयोग से मिलीं उपलब्धियाँ



प्रदीप बाहेती

> समाजीकरण के द्वारा ही संस्कृति, सभ्यता और अनगिनत विशेषताएँ पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानान्तरित होती रहती हैं और जीवित रहती हैं।



सामाजिकता हमारे जीवन का प्रमुख अंग है, यानी समाज में रहने वालों को समाज के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाने में भी पीछे नहीं रहना चाहिए। हर व्यक्ति जीवनयापन के लिए कुछ न कुछ करता है, इसमें समाज का योगदान होता है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें भी इसी समाज के जरिए ही पूरी होती हैं। कहने का अर्थ यह है कि समाज हमें बहुत कुछ देता है। समाजीकरण के द्वारा ही संस्कृति, सभ्यता और अनगिनत विशेषताएँ पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानान्तरित होती रहती हैं और जीवित रहती हैं। समाज के अभाव में व्यक्ति का जीवन यदि असंभव नहीं, तो कठिन और दूभर अवश्य बन जाता है।

ऐसे समाज के प्रति हमारे कई कर्त्तव्य, उत्तरदायित्व होते हैं। सामाजिक संगठन इसमें अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। हमें ख़ुशी है कि माहेश्वरी समाज इसमें काफी आगे है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति समाज के लिए चिंतित रहता है। अपने इस कार्यकाल में उन्हीं की प्रेरणा और सहयोग से हम कई उपलब्धियों को प्राप्त कर पाए हैं। इन उपलब्धियों में श्री माहेश्वरी डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ, निःशुल्क ई-मित्र की सुविधा, जोनवार ब्लड क्लेक्शन सेंटर का शुभारंभ, निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा, परिचय सम्मेलन का आयोजन एवं परिचय स्मारिका का प्रकाशन मुख्य हैं।

इसके अलावा समाज के विधान एवं नियमावली में संशोधन, नई जनगणना कार्य, सद्संस्कार समिति द्वारा विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन भी उल्लेखनीय रहा। सबसे बड़ी बात यह रही कि कोरोना काल में भी हमारी गतिविधियाँ रुकी नहीं। कोरोना आपदा में समाज बंधुओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, दवाइयां, भोजन व खाद्य सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई।

माहेश्वरी समाज द्वारा चांदपोल, जयपुर के सर्वधर्म मोक्षधाम का नवनिर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराना हमारी विशेष उपलब्धि रही। शीघ्र ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। उपलब्धियों का क्रम अभी रुका नहीं है। यह अनवरत जारी है। उम्मीद है कि समाजजनों का सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा।

सभी पाठकों, समाजजनों को मातृ दिवस की शुभकामनाएँ।

स्वाद की बात - सेहत के साथ

**Gangaur™**

SINCE 1974

# शादी - पार्टी के खाने का बढाएं स्वाद
# हलवाईयों की पहली पसंद
# गणगौर™ के साथ

PREMIUM NEW PACK QUALITY






**आशीष मंत्री** (गणगौर बेसन)
93094 85200

## आज ही ऑर्डर करें
## www.gangaurproducts.com
## से और पाएं हर कण में शुद्ता का वादा!

**MANTRI FOOD INDUSTRIES**
Plot No. G/1-458(C), Behind Priya Dharma Kanta,
Shiva Hotel Road, Road No. 12, V.K.I. Area, Jaipur (Raj.)
Phone: 0141-4015444 | www.gangaurproducts.com

SCAN & BUY

Follow us for latest updates !
@gangaurproducts

fssai
Lic. No. 12218026000474

Also available on:
amazon

जीवन रहते रक्तदान, मरणोपरान्त नेत्रदान-देहदान

वर्ष 12 | अंक 11 | अप्रैल, 2022
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंधी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

विशेषांक प्रस्तुति :
चन्द्रमोहन शारदा
सलाहकार :
रमेश चन्द जाखोटिया (संगठन मंत्री)
बृजमोहन बाहेती
संध्या चितलांग्या
राजेन्द्र गट्टानी
जयकृष्ण पटवारी
प्रबन्ध सम्पादक :
सुनील अजमेरा (मालवीय नगर)
सह-प्रबन्ध सम्पादक :
विनोद अजमेरा
सह-सम्पादक :
सी.ए. राजकुमार गट्टानी
सी.ए. दिलीप सारड़ा
निरंजन राठी
सतीश नागौरी (तोपनीवाल)
किशन स्वरूप कालानी
पंकज काबरा
प्रवीण भूतड़ा
पंकज चितलांग्या
सम्पादकीय टीम :
सुनील कुमार नौगजा
सुभाष काबरा
द्वारका प्रसाद तापड़िया
कमल किशोर मूँदड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
सी.ए. वरूण धूत
महेश अजमेरा
श्याम रतन पटवारी
विज्ञापन समन्वयक :
श्रीकिशन अजमेरा
रामकृष्ण बागला
विज्ञापन सह-संयोजक :
नवलकिशोर माहेश्वरी (तोपनीवाल)
अंकुर बल्लभ चितलांगिया
विज्ञापन संकलन टीम :
देवेन्द्र झंवर, गोपाल तामड़ी
जयकुमार चांडक
सी.ए. योगेश जाजू
अमित चांडक
डॉ. रमेश मालू
लालचन्द कचौलिया
साज-सज्जा
कैलाश प्रजापत
आभार : राजस्थान पत्रिका, भास्कर।
गोपाल लाल मालपानी-महामंत्री द्वारा
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक व मुद्रक



**गोपाल लाल मालपानी**
महामंत्री



**सतीश कुमार सारडा**
प्रचार मंत्री



**रामदास कोठ्यारी**
संपादक

# परिवार की धुरी होती हैं महिलाएँ

कोई भी समाज लोगों के आपसी सहयोग से चलता है। अकेले या दो-चार लोगों से समाज नहीं बनता। समाज में रहने वाले जब तक आपस में सहयोग नहीं करते, तब तक वह समाज नहीं कहलाता। परिवार पर भी यह नियम लागू होता है। परिवार के लोगों में आपसी सामंजस्य, प्यार होना बहुत जरूरी होता है। एक-दूसरे के सुख-दुःख को भी बांटना चाहिए। देखा जाए, तो परिवार को संभालने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिलाओं पर होती है। यह महिला दादी, नानी, माँ, भाभी, कोई भी हो सकती है। महिलाएँ ही परिवार को एक सूत्र में बांधने में सक्षम होती हैं। वे रिश्तों का महत्त्व समझती हैं, उन्हें बनाए रखने के लिए जी-जान लगा देती हैं।

मातृशक्ति का महत्त्व आज से नहीं, बल्कि पुरातन काल से चला आ रहा है। सीता, दुर्गा, लक्ष्मी आदि इसके उदाहरण हैं। बिना इनके सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। सही मायने में परिवार में महिलाओं की भूमिका पुरुषों से महत्वपूर्ण होती है।

विशेषकर संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र बिन्दु महिला ही होती हैं, बिना उनके संयुक्त परिवार की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नारी की स्थिति अब पहले से काफी बदल गई है, वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

हाल ही में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया है। ये दिवस इस बात का प्रतीक है कि महिलाओं के महत्त्व को विश्व स्तर पर मान्यता मिली हुई है। बात सिर्फ भारत या उसके किसी राज्य की नहीं है। उसके बाद नवरात्र में कन्याओं को पूजा, आदि शक्ति दुर्गा की आराधना की। अगले माह पूरे विश्व में 'मदर्स डे' मनाया जाएगा। इसे मनाते हुए 114 वर्ष से भी अधिक होने को आ रहे हैं। यानी महिलाएँ उस समय से अपने अधिकारों के लिए जागरूक हैं। उस समय तो शिक्षा का इतना प्रसार भी नहीं था। इसीलिए महिलाओं की शक्ति को कम नहीं आंकना चाहिए।

प्रस्तुत अंक में 'मदर्स डे' पर विशेष सामग्री के जरिए महिलाओं की वंदना की गई है, आराधना की गई है। माँ की तुलना किसी से नहीं की जा सकती, यह हम सभी को याद रखना चाहिए।

रामदास कोठ्यारी
– संपादक

* पत्रिका के मुख्य पृष्ठ पर एमपीएस संस्कृति, जगतपुरा एवं एमपीएस, निर्माण नगर के भवनों के प्रस्तावित चित्र दिये गये हैं। -महासचिव शिक्षा


S JEE ADVERTISING
आप सभी को
मातृ दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं!
गिरिराज प्रसाद सोमानी
(नीमेड़ा, फागी वाले)
9414043015
@girirajprasadsomani
NEWSPAPER | FM | PR | DIGITAL | TV | EVENTS | OUTDOOR
Office No. 101 - 104, 1st Floor, Vaibhav Multiplex (Inox), Amrapali Circle, Vaishali Nagar, Jaipur - 302021
"हम साथ - साथ हैं..."



# परम पूज्य 'माँ'

## `यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता'

अर्थात् जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति में हर नारी को माँ की गरिमा प्राप्त है। नि:सदेह देवत्व की प्रतिमूर्ति है – 'माँ'.. माँ में साक्षात परमात्मा के दर्शन होते हैं। भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही माँ का त्याग की देवी रूप में स्थान रहा है। शिशु को जन्म देने से लेकर उसका विधिवत् पालन-पोषण, शिक्षा-दीक्षा, संस्कार, प्रेरणा देकर बच्चे को संस्कारवान बनाने का उत्तरदायित्व माँ पर ही रहता है। माँ बालक की प्रथम आचार्या है। संपूर्ण राष्ट्र को अपना शिशु मानकर राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित ब्रह्मचारिणी बहिनें भी वैदिक काल से मातृशक्ति रूप में ही गौरवान्वित होती आयी हैं। वैसे भी माँ की महानता विविध महापुरुषों के अस्तित्व में सतत् परिलक्षित होती रहती है, वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप, गाँधी, सुभाष, चन्द्रशेखर आजाद से लेकर पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज, श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज सहित अनेक महापुरुष इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जो माँ से प्रेरणा प्राप्त कर विश्व विख्यात हुए।

## मौलिक रचनाकार मां :

बच्चों में दिव्यसंस्कारों का जागरण करने की शक्ति माँ में ही हैं। कहते हैं अब्राहम लिंकन का बचपन बड़े अभावों में व्यतीत हुआ था। गरीबी के कारण उनके पढ़ने-लिखने की कोई व्यवस्था नहीं थी, किन्तु माँ से महानता का वह गुण प्राप्त हुआ, जिसने अब्राहम लिंकन को महा मानव का पर्याय बना दिया, उनकी माँ रात के समय भोजन बनाने के पश्चात चूल्हे से बचे हुए कोयले से लिंकन को फर्श पर पढ़ना-लिखना सिखाती थी। एक माँ की मेहनत एवं महानता से लिंकन न केवल पढ़ना-लिखना सीखे, अपितु अभावों में जीवन व्यतीत करते हुए वकालत की पढ़ाई की। माँ के दिव्य संस्कार ही थे कि एडवोकेट बनने के पश्चात नीग्रोजन की दयनीय दशा देखी, उनके हितों और अधिकारों के लिए लिंकन ने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। अब्राहम लिंकन ने अमेरिका के राष्ट्रपति बनकर माँ के त्याग की गौरव गरिमा स्थापित की। लिंकन के व्यक्तित्व में एक संघर्षशील माँ (नारी) की महानता परिलक्षित होती है। इसी प्रकार शिवाजी महाराज पर अपनी माँ जीजाबाई के महानतम गुणों का ऐसा प्रभाव पड़ा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन नारी सम्मान एवं दीन जनों की रक्षा एवं राष्ट्र सुरक्षा में लगा दिया। शिवाजी महाराज को प्रत्येक नारी में अपनी माँ जीजाबाई की प्रति छाया दिखाई देती थी, तभी तो युद्ध में पकड़ी गयी शत्रु पक्ष की नारी को भी शिवाजी ने माँ कहकर संबोधित किया। यह एक माँ की निष्ठा है, जिसके द्वारा गढ़ा गया व्यक्ति विपरीत से विपरीत परिस्थितियों एवं प्रलोभनों में भी डिगने नहीं पाता। इसीलिए मां को मौलिक रचनाकार की संज्ञा प्राप्त है। भारत मातृ गौरव का देश है, इसलिए भारत के अनेक महान वक्ताओं ने यूनाईटेड नेशन्स में दिये गये अपने महत्वपूर्ण भाषणों में गर्व से कहा है कि मैं उस देश का नेतृत्व करता हूँ, जहाँ धरती को माँ कहा जाता है। वास्तव में माँ हमेशा यह चाहती है कि हमारी संतान श्रेष्ठ बनें। सारा जीवन वह दूसरों के लिए बलिदान अर्पण करती है। सारे कष्ट सह कर भी वह अपने बच्चों को आगे बढ़ाने की कोशिश करती है। यही कारण है कि हर किसी के जीवन में माँ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## परिवार की धुरी मां:

माँ की गति, स्थिति बच्चों को प्रत्येक क्षण जीवन में प्रभावित करती है। यद्यपि माँ का कार्यक्षेत्र परिवार होता है, लेकिन परिवार का आशय केवल अपने बेटे-बेटियों तक नहीं है, अपितु समाज रूपी विराट परिवार से भी है, क्योंकि माँ के माध्यम से अनेक परिवार एक संबंध सूत्र में बंधते हैं।

माँ प्यार एवं ममता की सागर होती है। माँ के लिए सभी बच्चे आँख के तारे होते हैं। भारतीय देवी-देवताओं को माँ सरस्वती, माँ दुर्गा, माँ काली, माँ सीता, माँ लक्ष्मी, माँ गायत्री आदि के रूप में सम्बोधित किया जाना इसी का पर्याय है। एक माँ ही है, जो अपने बच्चों की सुख-सुविधा के लिए बिना खाये-पिये, निरन्तर दिनरात तल्लीन रहती है।

न होली, न दीवाली, न दशहरा, माँ को कभी छुट्टी नहीं। इसके विपरीत छुट्टियों एवं त्यौहारों में माँ की व्यवस्था एवं काम दोगुना हो जाता है। धूप, छांव, गर्मी, बरसात, हर क्षण एक माँ प्यार से निहारती है, दुलारती एवं पुचकारती है अपने बच्चों को। माँ परिवार की केन्द्रीय इकाई समझी जाती है, अर्थात परिवार की धुरी। परिवार के संगठन, उसके स्थायित्व का आधार और स्वस्थ परिवेश का निर्माण 'माँ' पर ही निर्भर करता है। पिता परिवार की आर्थिक सत्ता को नियंत्रित रखने, उसे समृद्ध बनाने और उसकी देखभाल करते रहने की जिम्मेदारी निभाता है।

इसीलिए माता-पिता बच्चों के प्रेरणा पुंज होते हैं। उनके दिए गये संस्कार उसी प्रकार कभी नहीं छूटते, जैसे कुम्हार द्वारा मिट्टी के बर्तन में खीची गई रेखाएं कभी नहीं मिटती हैं। परम पूज्य स्वामी जी महाराज ने अपने संदेशों में उस मातृसत्ता जिसने हमें गौरवपूर्ण बनाया, उसके लिए उचित ही कहा कि माँ को कभी उपेक्षित न करें, उसकी अनदेखी न करें। माँ को पूराभरपूर प्यार व सम्मान दें। कभी-कभी माँ-बाप को बाहर घुमाने ले जाएं, उनके साथ पूरा समय दें, आदर दें। केवल मदर्स-डे पर माँ को कार्ड देना ही काफी नहीं है। जिसने तुम्हें जन्म देकर जीवन का सबसे बड़ा गिफ्ट दिया है। दो घड़ी उनके साथ बिताओ, उसे कितना सकून मिलेगा, कि उनकी संतान उनका कितना ख्याल रखती है।

## संतान की आदिगुरु मा:

वास्तव में माँ से बड़ा कोई गुरु नहीं। उनका ध्यान करिये, गुरु-भक्ति, गुरुमंत्र का पालन करिये। हाथ जोड़कर प्रार्थना में भी माँ की प्रतिमा का ध्यान करिये। निश्चित ही मार्ग प्रशस्त होगा। माँ प्रेरणा-स्रोत बनकर समाज को उन्नतिशील बनाती है। वह पिता से भी अधिक सम्मान की अधिकारिणी है। वह गृहिणी है, प्रसन्नपूर्णा है। माँ में ममतामयी का अस्तित्व निहित है। वह परिवार का संगम-स्थल है। वह अपने बच्चों की आदि-गुरु है, निर्मात्री है। गृह व्यवस्था का सारा भार उसी पर होता है। वह प्रत्येक दृष्टिकोण से घर को नियंत्रित करती है।

माँ ही है जो परिवार में सभी को आवश्यकतानुसार आहार से तृप्त करती है, इसलिए वह अन्नपूर्णा कहलाती है। सभी की सेवा-सुश्रूषा करके वह संतुष्ट करती है। घर पर आये हुए अतिथियों एवं साधु-संतों को स्नेह के साथ भोजन देकर उन्हें तृप्त करती है। गृह कार्य, गृह व्यवस्था के साथ-साथ सत्संतति का निर्माण भी माँ ही करती है, इसलिए वह परम पूज्य है।

## सतत संघर्षशीला मां :

लक्ष्मी बाई जैसी संघर्षशीलता, सावित्री, पन्नाधाय का त्याग, गार्गी जैसी विद्वत्ता, मीरा जैसी प्रेमी होती है माँ, इसीलिए सृष्टि की आधार सभी धर्मो की ज्ञान, गंगा जैसी पवित्र, पर्वत की ऊंचाई, धरती जैसी महान, सागर की गहराई से ओत-प्रोत ईश्वर की अनुपम कृति, हर रिश्ते को सम्मान देने वाली, सभ्यता की सोपान, उन्नति की परिचायक, मानवता का सम्बोधन होती है माँ। कहते भी हैं वही राष्ट्र प्रगति-पथ पर बढ़ता है, जिसने माँ को मान दिया, परम पूज्य वह नारी 'माँ' है, जिसने बेटी को मान दिया। यद्यपि अब समाज जागरूक हो रहा है। सरकारें अपने स्तर से नर-नारी में समानता की दिशा में प्रयास कर ही रही हैं। अत: वह दिन दूर नहीं जब भारत में पुन: नारी शक्ति का स्वर गूंजेगा, भारत जगत गुरु की भूमिका पाने में सफल होगा। क्योंकि 'माँ' के सम्मान से ही भारत माँ अपने को गौरवान्वित महसूस करेगी।

## परियों की रानी

चलो सुनाऊं तुमको मैं,
एक ऐसी आज कहानी
आकाश से ज्यों उतर आई,
मेरे लिए परियों की रानी
श्वेत हंस सा निर्मल चेहरा,
सुन्दर आंखें देती पहरा
नन्हीं सी बच्ची थी तब मैं,
सबकी लाड दुलारी, प्यारी,
पर परी के आंचल जैसी कोई,
जगह नहीं थी इतनी न्यारी।
मैं रातों को उसे जगाती,
वो बाहों के झूले झुलाती
मुझे सुला ज्यों ही वो सोती,
मैं फिर रोती, वो उठ जाती।
रहती थी बस इक धुन ऐसी,
बन जाऊं में भी परी जैसी
छुप छुप के मैं सपने बुनती,
कि उसी की तरह हो जाऊं
घर-बाहर, मेहमान-
परिवार सभी के दिलों में
जगह बनाऊं

□ पारुल माहेश्वरी

## मैं अपनी मां का आखिरी जेवर बना रहा



मुझे बस इसलिए अच्छी बहार लगती है
कि ये भी मां की तरह खुशगवार लगती है

मैंने रोते हुए पोंछे थे किसी दिन आंसू
मुद्दतों मां ने नहीं धोया दुपट्टा अपना

अब भी चलती है जब आंधी कभी गम की 'राणा'
मां की ममता मुझे बाहों में छुपा लेती है

जब तक रहा हूं धूप में चादर बना रहा
मैं अपनी मां का आखिरी जेवर बना रहा

देख ले ज़ालिम शिकारी ! मां की ममता देख ले
देख ले चिड़िया तेरे दाने तलक तो आ गई

गले मिलने को आपस में दुआएं रोज़ आती हैं
अभी मस्जिद के दरवाजे पे माएं रोज़ आती हैं

किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई
मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में मां आई

वो मैला-सा बोसीदा-सा आंचल नहीं देखा।
बरसों हुए हमने कोई पीपल नहीं देखा ...

खुद को इस भीड़ में तन्हा नहीं होने देंगे
मां तुझे हम अभी बूढ़ा नहीं होने देंगे।

अब देखिये कौन आए जनाज़े को उठाने
यूं तार तो मेरे सभी बेटों को मिलेगा।

दिन भर की मशक्कत से बदन चूर है लेकिन
मां ने मुझे देखा तो थकन भूल गई है

दुआएं मां की पहुंचाने को मीलों मील जाती हैं
कि जब परदेस जाने के लिए बेटा निकलता है

मैंने कल शब चाहतों की सब किताबें फाड़ दीं
सिर्फ इक काग़ज़ पे लिक्खा लफ़्ज़-ए-मां रहने दिया

▣ मुनव्वर राणा

Mothers Power

# मां तुम महान हो



मां को लेकर दुनिया भर में शोध लगातार जारी हैं। कई शोधों के नतीजों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर मां क्यों खास होती है। ऐसे ही कुछ शोध जो बताते हैं मां की महत्ता।

## मां यानी जादू की झप्पी

**जब** हम परेशान या दुखी होते हैं, तो मां के साथ बात करके हमारा मन हल्का हो जाता है। यही बात वैज्ञानिक शोध में साबित हो गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि तनाव को कम करने के लिए मां की आवाज से बेहतर कोई दवा नहीं है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि मां की आवाज से तनावग्रस्त नसों को आराम मिलता है। यहां तक कि मां से फोन पर बात करना भी 'जादू की झप्पी' से कम नहीं है। विस्कोंसिन-मेडिसन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन की क्रियाशीलता पर शोध किया। यह हार्मोन यौनक्रिया, यौनाकर्षण, विश्वास और आत्मविश्वास के लिए जिम्मेदार होता है। ऑक्सीटोसिन को 'कडल कैमिकल' के नाम से भी जाना जाता है। यह द्रव्य प्रसव के दौरान रक्त में मिल जाता है, बाद में मां के दूध के निर्माण को भी प्रेरित करता है। यही वजह है कि मां अपने बच्चों को सबसे ज्यादा प्यार करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार ऑक्सीटोसिन ही है, जो मां को अपने बच्चों का तनाव घटाने में सक्षम बनाता है।

**मातृत्व शक्ति**

शोधकर्ताओं ने पाया है कि मां की आवाज से तनावग्रस्त नसों को आराम मिलता है और मां से फोन पर बात करना भी किसी 'जादू की झप्पी' से कम नहीं है।

वैज्ञानिकों ने शोध में भाषण देने और गणित के प्रश्न हल करने के लिए सात से 12 साल की 60 लड़कियों को चुना। उनके तनाव का स्तर बढ़ाने के लिए उन्हें अनजान लोगों के पैनल के सामने खड़ा कर दिया। इस दौरान लड़कियों ही हृदय गति और तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन कार्टिसोल को नापा गया। उसके बाद उन्हें तीन समूहों में बांट दिया गया। पहले समूह को अपनी मां के साथ बैठा दिया गया, दूसरे समूह की मां से फोन पर बात कराई गई, जबकि तीसरे समूह का मां से कोई संपर्क नहीं था। इसके बाद पाया गया कि मां के साथ रहने और बात करने वाली लड़कियों का ऑक्सीटोसिन बढ़ गया था और वे जल्दी ही सामान्य हो गईं।

## मां की ऊर्जा पर निर्भर शिशु का दिमाग

**शिशुओं** के विकास से संबंधित एक शोध में यह बात सामने आई है कि मां जितनी ऊर्जा और समय अपने शिशु के पालनपोषण में लगाती है उसी अनुपात में उनके बच्चे के दिमाग का विकास होता है। डरहम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मानव समेत 128 स्तनपाइयों का अध्ययन किया और उन्होंने पाया कि दिमाग का विकास इस बात से जुड़ा हुआ था कि गर्भधारण अवधि कितनी लंबी थी और और शिशु को कितने समय तक स्तनपान कराया गया था। 'प्रोसीडिंग ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस' में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि आखिर महिलाएं नौ महीने तक गर्भ में अपने बच्चों को रखने के बाद भी तीन साल तक स्तनपान क्यों कराती हैं। शोध के अनुसार ऐसा इसलिए है क्योंकि शिशु की इतने लंबे समय तक मां पर निर्भरता के बाद उसके दिमाग के विकास के लिए यह आवश्यक हो जाता है।

## क्यों मां इतनी प्यारी लगती है

**पिता** के मुकाबले मां से बच्चों के अधिक प्यार करने का वैज्ञानिक कारण सामने आ गया है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि इस प्यार के पीछे मां का एक हारमोन जिम्मेदार होता है। यह है ऑक्सीटोसिन। यह हारमोन महिलाओं में काफी मात्रा में बनता है और यही बच्चों को उनसे जोड़ता है। न्यूयार्क के माउंट सिनाई मेडिकल सेंटर के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस हार्मोन की वजह से ही महिलाएं अपने पति की अपेक्षा बच्चों से अधिक प्यार करती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, ऑक्सीटोसिन मनुष्यों के शरीर में कई काम करता है। यह मां बनने जा रही या मां बन चुकी महिलाओं में अहम भूमिका निभाता है। शोध में बताया कि गर्भधारण में इस हार्मोन की मुख्य भूमिका की वजह से ही यह मां और बच्चों के बीच एक मजबूत रिश्ता भी बनाता है। शोध में यह भी पता लगा है कि ऑक्सीटोसिन अपने प्रियजनों के चेहरे को याद रखने में और अप्रिय लोगों की पहचान करने में मदद करता है।

## मां का दूध कैंसर की दवा

**जो** काम बड़ी से बडी दवाइयां और डॉक्टर नहीं कर पाते वह काम मां का दूध कर दिखाता है। एक ताजातरीन शोध में पाया गया है कि मां के दूध में कैंसर से बचाने की चमत्कारी शक्ति होती है। इस शोध में लगे विद्वानों का मानना है कि मां के दूध में ऐसा तत्व पाया जाता है जो कैंसर जैसे खतरनाक व जानलेवा रोग की कोशिकाओं को जड़ से ही खत्म कर सकता है।

मां के दूध के इस अमृतमयी तत्व का नाम है हैमलेट (ह्यूमन अल्फा लैक्टअल्बुमिन मेड लीथल टू ट्यूमर सेल्स)। शोध में पाया गया कि गाल ब्लैडर यानी पित्ताशय के कैंसर से पीड़ित जिन मरीजों की चिकित्सा हेमलेट के जरिए की गई उनकी मृत कैंसर कोशिकाएं मूत्र के जरिए बाहर निकल गईं। प्रयोगशाला में किए गए शोध में यह भी पता चला है कि हैमलेट 40 प्रकार की कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकता है। कई अन्य शोधों में भी साबित हो चुका है कि मां का अमृत तुल्य दूध शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला होता है।


अब जोड़ों के दर्द को
सहने की जरूरत नहीं
Fast Track
Knee Replacement
☑ डबल चेक टेक्नीक
☑ छोटा सर्जरी प्रोसेस
☑ कम दर्द टांके रहित
☑ जल्द वॉकिंग
☑ बेहतरीन परिणाम
☑ सर्जरी के बाद न्यूनतम देखभाल
अन्य सेवाएं: हिप रिप्लेसमेन्ट
पोस्ट कोविड हिप बोन डेथ (AVN)
आर्थोस्कोपिक घुटने एवं कन्धे की लिगामेंट सर्जरी
डॉ. अरूण परतानी
Additional Director
Joint Replacement, Arthroscopic
& Sports Injury Surgeon
Fortis hospital
For Patient Stories - practo.com/jaipur/arun partani & google/partani clinic
Quality Dental Care
☑ Dental Implants ☑ Root Canal ☑ Ceramic or Porcelain Crowns
☑ Teeth Whitening ☑ Composite Filings
And Many More........
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth
but improve your confidence
and quality of life!
Dr. Bharti Partani
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
PARTANICLINIC
M-21, Mahesh Colony, Tonk Phatak, Jaipur
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

मां की ममता जहां हर बुराई की धूप से बचाती है, वहीं उनका हौसला हर मुश्किल के आगे फौलाद सा खड़ा हो जाता है। वह दुर्गा बनकर समस्याओं का मुकाबला करती है, सरस्वती बनकर संस्कारों का पाठ पढ़ाती है, तो लक्ष्मी बनकर अपने परिवार के पालन–पोषण का जिम्मा भी उठाती है। मदर्स डे पर मां के इन्हीं स्वरूपों को बयां करता 'जयपुर माहेश्वरी पत्रिका' का यह अंक।



# मां है जो कभी खफा नहीं होती







## दामन में मां के सिर्फ वफाओं के फूल हैं

मां साथ है तो साया-ए-कुदरत भी साथ है
मां के बगैर लगे दिन भी रात है

मैं दूर जाऊं तो उसका मेरे सर पर हाथ हैं
मेरे लिए तो मेरी मां ही कायनात है

दामन में मां के सिर्फ वफाओं के फूल है
हम सारे अपनी मां के कदमों की धूल हैं

औलाद के सितम उसे हंस कर कबूल हैं
बच्चों को बख्श देना ही मां के असल है

दिन-रात उसने पाल-पोस के बड़ा किया
गिरने लगा तो मां ने मुझे फिर खड़ा किया।।

■ जावेद अख्तर

## मेरे हर दर्द की दवा है मेरी मां

'मां की दुआ
जन्नत नजीर है मेरी मां
रहमत की तस्वीर है मेरी मां
मैं एक ख्वाब हूं जिंदगी का

जिसकी ताबीर है मेरी मां
जिंदगी की मुश्किल राहों में
मशाल-ए-राह है मेरी मां
मेरे हर गम, मेरे हर दर्द में

एक नया जोश है मेरी माँ
मेरी हर नाकामी वबीस्ता है मेरी मां
मेरी हर कामयाबी का राज है मेरी मां
छिपा लेती है वो जख्म को मरहम की तरह
मेरे हर दर्द की दवा है मेरी मां
दुनिया में नहीं कोई बदल इसका
ममता में है मुकम्मिल मेरी मां।।

■ गुलजार

## मां ने गोद में उठाया तो आसमां को छुआ

मेरी ख्वाहिश है कि मैं फिर से फरिश्ता हो जाऊं
मां से इस तरह लिपटूं कि बच्चा हो जाऊं।।

ये अंधेरे देख ले मुंह तेरा काला हो गया
मां ने आंखें खोल दीं घर में उजाला हो गया।।

मैंने बुलंदियों के हर निशान को छुआ
जब मां ने गोद में उठाया तो आसमान को छुआ।।

इस तरह मेरे गुनाहों को वो धो देती है।
मां बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है।।

बुलंदियों का बड़े से बड़ा निशान छुआ
उठाया गोद में मां ने तब आसमान छुआ

घेर लेने को मुझे जब भी बलाएं आ गईं
ढाल बनकर सामने मां की दुआएं आ गईं

जरा-सी बात है, लेकिन हवा को कौन समझाये
दीये से मेरी मां मेरे लिए काजल बनाती है

लबों पे उसके कभी बददुआ नहीं होती
बस एक मां है, जो मुझसे खफा नहीं होती

ये ऐसा कर्ज है, जो मैं अदा कर ही नहीं सकता
मैं जब तक घर न लौटूं मेरी मां सजदे में रहती है

■ मुनव्वर राणा



RERA No.: RAJ/P/2017/032
Rera Website: www.rera.rajasthan.gov.in
vilasa®
DEVELOPING LUXURY
TARUCHAYA
RESIDENCY
Celebrate the festival called life
आज ही गृह प्रवेश करें अपने सपनों के आशियाने में
READY FOR POSSESSION
2 & 3 BHK FLAT
PRICE REVISING FROM 1ST APRIL 2022
फ्लैट प्राइस शुरू मात्र 45 लाख से 75 लाख*
Nirman Nagar Extension, Ajmer Road, Jaipur
World class amenities offers comfort beyond imagination
Elder's Entertainment Lounge
Cricket Net
Gymnasium
Swimming Pool
AC Party Hall
Indoor Games Room
Landscaped Central Courtyard
Kids Play Area
Badminton Court
Table Tennis
Customer Care No.: +91-81078 91460
TARUCHAYA COLONIZERS PVT. LTD.: Corp. Office: 6-F-13, Mahima Triniti, Swage Farm, N.S.Road, Jaipur - 302019 • E: Info@vilasagroup.com • www.vilasagroup.com
Disclaimer: Builders and Developers reserve the right to change any design and specification of the building without any prior notice and information. This advertisement is for illustration purpose only and it cannot be in any way treated as a legal document. All information specifications, plans, material and visual representations contained in the Advertisement, model & sample are subject to change time to time by the developer and the company authorities add shall not form part of the offer or contract. TERMS AND CONDITIONS APPLY.



मां पर कविता लिखना सरल भी है, और कठिन-भी। मां हर व्यक्ति का सबसे घनिष्ठ अनुभव है, पर उसे कविता में बदलना सबके लिए आसान नहीं होता। मातृ दिवस पर मां पर लिखी गई नई-पुरानी कविताओं में से एक छोटा-सा चयन आपके लिए।

# माँ...

## यह कदंब का पेड़ अगर मां होता यमुना तीरे

■ सुभद्रा कुमारी चौहान

यह कदंब का पेड़ अगर मां होता जमना तीरे
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे
ले देती यदि मुझे बांसुरी तुम दो पैसे वाली
किसी तरह नीची हो जाती यह कदंब की डाली
तुम्हें नहीं कुछ कहता, पर मैं चुपके-चुपके आता
उस नीची डाली से अम्मा ऊंचे पर चढ़ जाता
वहीं बैठ फिर बड़े मज़े से मैं बांसुरी बजाता
अम्मा-अम्मा कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता

सुन मेरी बंसी मां, तुम कितना खुश हो जातीं
मुझे देखने काम छोड़कर, तुम बाहर तक आतीं
तुमको आती देख, बांसुरी रख मैं चुप हो जाता
एक बार मां कह, पत्तों में धीरे से छिप जाता
तुम हो चकित देखती, चारों ओर ना मुझको पातीं
व्याकुल-सी हो तब कदंब के नीचे तक आ जातीं
पत्तों का मरमर स्वर सुन, जब ऊपर आंख उठातीं
मुझे देख ऊपर डाली पर, कितनी घबरा जातीं

गुस्सा होकर मुझे डांटतीं, कहतीं नीचे आ जा
पर जब मैं ना उतरता, हंसकर कहतीं मुन्ना राजा
नीचे उतरो मेरे भैया, तुम्हें मिठाई दूंगी
नये खिलौने-माखन-मिश्री-दूध-मलाई दूंगी
मैं हंसकर सबसे ऊपर की डाली पर चढ़ जाता
वहीं कहीं पत्तों में छिपकर, फिर बांसुरी बजाता
बुलाने पर भी जब मैं ना उतरकर आता
मां, तब मां का हृदय तुम्हारा बहुत विकल हो जाता

तुम आंचल फैलाकर अम्मा, वहीं पेड़ के नीचे
ईश्वर से विनती करतीं, बैठी आंखें मीचे
तुम्हें ध्यान में लगी देख मैं, धीरे-धीरे आता
और तुम्हारे आंचल के नीचे छिप जाता
तुम घबराकर आंख खोलतीं और मां खुश हो जातीं
इसी तरह खेला करते हम-तुम धीरे-धीरे
यह कदंब का पेड़ अगर मां होता जमना तीरे।।

## तेरी रहमत की बारिश से मुरादें भीग जाती हैं

■ आलोक श्रीवास्तव

तुम्हारे पास आता हूं तो सांसें भीग जाती हैं,
मुहब्बत इतनी मिलती है के आंखें भीग जाती हैं।

तबस्सुम इत्र जैसा है, हंसी बरसात जैसी है,
वो जब भी बात करती है तो बातें भीग जाती हैं।

तुम्हारी याद से दिल में उजाला होने लगता है,
तुम्हें जब गुनगुनाता हूं तो सांसें भीग जाती हैं।

जमीं की गोद भरती है तो कुदरत भी चहकती है,
नए पत्तों की आमद से ही शाखें भीग जाती हैं।

तेरे एहसास की खुशबू हमेशा ताज़ा रहती है,
तेरी रहमत की बारिश से मुरादें भीग जाती हैं।

## बेसन की सौंधी रोटी पर खट्टी चटनी जैसी मां

■ निदा फाजली

बेसन की सौंधी रोटी पर खट्टी चटनी जैसी मां
याद आती है चौका बासन, चिमटा फुकनी जैसी मां

चिड़ियों की चहकार में गूंजे राधामोहन अली-अली
मुर्गे की आवाज़ से खुलती घर की कुंडी जैसी मां

बान की खरी खाट के ऊपर हर आहट पर कान धरे
आधी सोई आधी जागी भरी दोपहरी जैसी मां

बीवी, बेटी, बहिन, पड़ोसन थोड़ी-थोड़ी-सी सबमें
दिन भर इक रस्सी के ऊपर चलती नटनी जैसी मां

बांट के अपना चेहरा, माथा, आंखें जाने कहां गईं
फटे पुराने इक एलबम में चंचल लड़की जैसी मां


दुआ है माँ
मेरी हर कामयाबी
का राज है
माँ
मातृ दिवस पर
सभी माताओं को
मेरा शत्-शत् नमन!
उमेश सोनी
एम-55, महेश कॉलोनी,
टोंक फाटक, जयपुर
मो. 98290 59157
सबका साथ - समाज का विकास

# मां खुश तो शिशु भी खुश

**नया शोध बताता है कि मां की मानसिक अवस्था भ्रूणावस्था में शिशुओं के विकास पर असर डालती है। मां से मिल रहे संकेतों के आधार पर ही भ्रूण अपनी राह बनाता है।**



महाभारत की पौराणिक कथा में अभिमन्यु द्वारा मां के गर्भ में चक्रव्यूह से निकलने की कला सीखने की कथा तो आपने सुनी ही होगी। इस कथा की पुष्टि करता हुआ एक शोध सामने आया है, जिसके मुताबिक गर्भावस्था के दौरान शिशुओं को लगातार अपनी मां से संदेश मिलता रहता है। वह न केवल मां के दिल की धड़कनों को सुनता रहता है बल्कि उसे मां की मानसिक स्थिति से संबंधित संकेत भी प्राप्त होते रहते हैं। अगर भ्रूणस्थ शिशु की मां अवसाद में होती है तो इसका जन्म के बाद नवजात के विकास पर भी असर पड़ता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि मां के गर्भ में भ्रूण जिस माहौल में पलता है वह बेहद अहम है।

उदाहरण के लिए मां का धूम्रपान करना अथवा शराब पीना तो बच्चे के लिए जानलेवा साबित हो सकता है लेकिन इसमें अन्य प्रभावों का भी आकलन किया गया। उदाहरण के लिए अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों का जन्म 1944 में नीदरलैंड में पड़े अकाल के दौर में हुआ था और जिनमें से अधिकांश की माताएं भूखी थीं, उन सभी लोगों में बाद में मोटापे तथा डायबिटीज आदि की समस्या पाई गई। लेकिन कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं कर्ट, सैंडमैन, एलीसिया पी. डेविस और लॉरा एम ग्लाइन का अध्ययन यह दिखाता है कि किस तरह मां की मानसिक अवस्था भ्रूणावस्था में बच्चों के विकास पर असर डालती है। इस अध्ययन के लिए उन्होंने गर्भवती महिलाओं से संपर्क किया और उनमें बच्चे को जन्म देने से पहले और बाद में अवसाद की जांच की। उनके बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। शोधकर्ताओं को इस शोध के चौंकाने वाले परिणाम मिले। उन बच्चों का स्वास्थ्य सबसे बेहतर था जिनकी मांएं जन्म देने के पहले और बाद में एकदम स्वस्थ थीं। जिन बच्चों की माताएं जन्म देने के पहले और उसके बाद भी अवसाद की शिकार थीं उन बच्चों का विकास अपेक्षाकृत धीमी गति से हो रहा था। शोधकर्ता सैडमैन ने कहा, 'हमें अवसाद का इलाज पता है लेकिन आमतौर पर गर्भवती महिलाओं पर अवसाद की जांच की ही नहीं जाती। लेकिन उनके बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए यह अब जरूरी हो गया है।'

बहरहाल इस शोध ने यह भी साबित किया है कि एक भ्रूण स्वयं अपने विकास में किस कदर सक्रिय भूमिका निभाता है। वह अपनी मां से मिल रहे संकेतों के आधार पर ही अपने जीवन की राह तय करता है।



# माँ जब खाना परोसती थी

वे दिन बहुत दूर हो गए हैं
जब मां के बिना परसे पेट भरता ही नहीं था
वे दिन अथाह कुएं में छूट कर गिरी
पीतल की चमकदार बाल्टी की तरह
अभी भी दबे हैं शायद कहीं गहरे
फिर वो दिन आए जब मां की मौजूदगी में
कौर निगलना तक दुश्वार होने लगा था
जबकि वह अपने सबसे छोटे और बेकार बेटे के लिए
घी की कटोरी लेना कभी नहीं भूलती थी
उसने कभी नहीं पूछा कि मैं दिनभर
कहां भटकता रहता था
और अपने पान-तम्बाकू के पैसे कहां से जुटाता था
और थाली में झुकी गरदन के साथ

मैं रोटी के टुकड़े चबाने की
अपनी ही आवाज़ सुनता रहता
वह मेरी भूख और प्यास को रत्ती-रत्ती पहचानती थी
और मेरे अक्सर अधपेट खाए उठने पर
बाद में जूठे बरतन धोते
चौके में अकेले बड़बड़ाती रहती थी
बरामदे में छिपकर मेरे कान
उसके हर शब्द को लपक लेते थे
और आख़िर में उसका भगवान के लिए बड़बड़ाना
सबसे ख़ौफ़नाक सिद्ध होता और
तब मैं दरवाज़ा खोल
देर रात के लिए सड़क के एकान्त और
अंधेरे को समर्पित हो जाता
अब ये दिन भी उसी कुएं में लोहे की वज़नी
बाल्टी की तरह पड़े होंगे।

अपने बीवी-बच्चों के साथ खाते हुए
अब खाने की वैसी राहत और बेचैनी
दोनों ही गायब हो गई हैं
अब सब अपनी-अपनी जिम्मेदारी से खाते हैं
और दूसरे के खाने के बारे में
एकदम निश्चिन्त रहते हैं
फिर भी कभी-कभार मेथी की भाजी या
बेसन होने पर
मेरी भूख और प्यास को रत्ती-रत्ती टोहती उसकी दृष्टि
और आवाज़ तैरने लगती है
और फिर मैं पानी की मदद से खाना गटक कर
कुछ देर के लिए उसी कुएं में डूबी उन्हीं बाल्टियों को ढूंढता रहता हूं।

(साभार : कविता कोश)



Scan & Follow

आप सभी को हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं!

केदार मल भाला

93145 03259 | @kedarmalbhala
बी-31, पार्श्वनाथ मार्ग, सुभाष नगर,
जयपुर, 302016

"हम साथ - साथ हैं..."



मातृ दिवस सभी मांओं के साथ ही बच्चों के लिए भी बेहद ख़ास होता है। इसलिए इस दिन कुछ ऐसा खास करें, जो यादगार बन जाए

# इस ख़ास दिन को अपनी मां के लिए बनाएं यादगार

मां के लिए जितना किया जाए उतना कम ही है। यूं तो सारे ही दिन मां के होते हैं, क्योंकि उनके बिना बच्चों के साथ-साथ परिवार के सदस्यों का भी काम नहीं चलता। ऐसे में, मां की मदद के लिए, उनके सुख के लिए हर रोज़ कुछ न कुछ करना ही चाहिए, लेकिन मातृ दिवस का एक दिन रस्मी तौर पर उन्हें समर्पित किया गया है, तो जाहिर है आप भी मां के लिए कुछ ख़ास करने की योजना बना रहे होंगे। मां की पसंद के व्यंजन बनाना, उनके लिए संदेश लिखना या कोई तोहफ़ा तैयार करना तो खैर सभी करेंगे, लेकिन हम कुछ अलग-से सुझाव भी लेकर आए हैं, जो आपकी मदद करेंगे।

## हाउस पार्टी

ये ऐसा आइडिया है जो बेहतरीन साबित हो सकता है। मदर्स डे के मौके पर सभी को पार्टी के लिए तैयार होने के लिए कहें। इसमें सभी मिलकर डांस कर सकते हैं, मां की एक्टिंग कर सकते हैं। पार्टी को बहुत अनूठा बनाना चाहते हैं, तो मां-पापा से पूछकर उनकी सगाई या शादी के बाद के पहले जन्मदिन के समारोह को रीक्रिएट कर सकते हैं। घर के सारे सदस्य मिलकर इस रस्म में शामिल लोगों के किरदार निभाएं और मिलकर पुराने दौर को जिएं।



## वीडियो मीट

अपने परिवार के लोगों को इत्तला करके एक फैमिली वीडियो मीट होस्ट कर सकते हैं। सब एक साथ मिलेंगे, भले ही वो स्क्रीन पर ही क्यों न हो, तो सबको खुशी होगी। मां के लिए यह वक़्त ख़ास बनेगा। इस समय मां से कह सकते हैं कि वे सबके मोबाइल पर मिले संदेशों को पढ़कर सुनाएं और परिवार के सामने मौजूद सदस्यों को अपनी प्रतिक्रिया दें।

## दोस्त पुराने नहीं होते

महिलाएं गृहस्थी की व्यस्तता में अपने शौक़ से लेकर न जाने क्या-क्या पीछे छोड़ देती हैं। इस दिन मां की पुरानी सखियों को उनसे मिलवाएं। इसके लिए छोटी-सी कोशिश करनी है। मां को बिना बताए उनकी सभी सखियों से बात करके एक समय तय कर लें। इस समय सभी को वीडियो कॉल करें। यक़ीन मानिए, उनकी ख़ुशी आप महसूस कर सकेंगे।

## फिर जी लें तस्वीरें

इन दिनों पुरानी तस्वीरों को दुबारा जीवंत किया जा रहा है। आप भी मां के साथ अपनी पुरानी तस्वीर को रीक्रिएट कर सकते हैं। इसके लिए ये करें कि मां के साथ पसंदीदा फोटो चुनें और वैसा ही दुबारा खिंचवा लें। अब दोनों फोटो को एक-दूसरे के सामने रखें। आजकल इसके लिए कोलाज एप भी हैं, जिसमें आसानी से तस्वीरें एक साथ लगा सकते हैं।

## घर से दूर हैं तो..

**घर से बाहर रहते हैं तो जहां हैं वहीं से, जो किया सकता है वो करें। इसमें –**

- मां की पसंद का कोई गीत गाकर रिकॉर्ड करके उन्हें भेज सकते हैं।
- एक वर्चुअल एल्बम बनाकर उन्हें भेजें। इसमें उनकी पसंदीदा फोटोज़ के साथ अपनी सफलताओं की उन तस्वीरों को भी साझा करें, जिनका सेहरा केवल और केवल मां के सिर बंधता है।

## किसी और दिन सही

**जरूरी नहीं कि मई के दूसरे रविवार को ही मदर्स डे मनाया जाए।**

- कई देशों में यह दूसरी तारीखों पर मनाया जाता है। मिसाल के तौर पर, अर्जेंटीना में यह अक्टूबर के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। इसलिए, दूर हैं तो मां को शुभकामनाएं देते हुए, उत्सव को अक्टूबर के तीसरे हफ्ते में मनाने का वादा करें।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

- उपाध्यक्ष (वित्त) – श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
- निवर्तमान अध्यक्ष– श्री महेश प्रगति क्लब, जयपुर
- निवर्तमान शिक्षा सचिव– एमपीएस, अजमेर रोड (2015-18)
- कार्यकारिणी सदस्य– श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर (2015-18 & 2019-22)
- कार्यकारिणी सदस्य– अ. भा. माहेश्वरी महासभा (2018-21)
- आजीवन प्रमुख दानदाता सदस्य ('अभिनन्दन' जनोपयोगी भवन, मानसरोवर)
- आजीवन दानदाता सदस्य ( 'उत्सव' जनोपयोगी भवन, विद्याधर नगर)
- प्रमुख दानदाता– श्री माहेश्वरी पंचायत संस्था, मदनगंज किशनगढ़
- दानदाता– सर्वधर्म मोक्षधाम, चांदपोल
- आजीवन सदस्य– इस्कॉन (ISKCON)
- मुख्य ट्रस्टी :

सारड़ा फाउंडेशन ट्रस्ट– जयपुर, किशनगढ़, मुम्बई

- मुख्य निदेशक :

प्रेरणा समूह

विश्वस्तरीय डायमंड पॉलिशिंग अब्रेसिव एवं टूल्स के निर्माता एवं निर्यातक।

(जयपुर, किशनगढ़, उदयपुर, हैदराबाद, बैंगलोर, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम)



## सीए. अनिल सारड़ा

10, मोहित कॉटेज, रजनी विहार,
मेन अजमेर रोड, जयपुर-302019
www . prernaabrasive.com •
Email.prernaintl1@gmail.com

**98290 13486 • 93145 07657**

# छोटे-छोटे लम्हों में जीती है मां...



मां को बहुत ऊंचे सिंहासन पर बैठाकर, उसकी भूमिका का महिमामंडन किया जाना, मातृ दिवस का आम चलन है। बहुत सारी मांओं को तो पता भी नहीं चलता कि ऐसा कोई दिन आया और चला भी गया। और मां को ऊंचे सिंहासनों पर बैठने की फुर्सत भी कहां है! उसे मां होने से अवकाश मिले, तो ना अपनी भूमिका पर नजर डाले! इस दिन भी हंसकर अपने बच्चों के तोहफ़े स्वीकार कर पूछ ज़रूर लेती है, 'मां के लिए क्यों लाए कुछ? अपने लिए ले आते, भाई-बहन के लिए लाते। मेरे पास तो तुम लोग हो ना, और मुझे क्या चाहिए!

बहुत सारे बच्चे मां की सेवा करके खुश होते हैं। उसके पैर दबाकर, उसके सिर की मालिश करके, तो कभी उसके लिए चाय-भोजन बनाकर वे मां के चेहरे पर सुकून और ख़ुशी तलाशते हैं। मां मुस्कराती है, तो बच्चों को लगता है उसे सुकून मिल रहा है। जब बेटियां ख़ुद मां बन जाती हैं, तब उन्हें पता चलता है कि वो सुकून कहां मिलता था। कुछ बेटों को भी इसका पता हासिल हो जाता है। वे भी उन छोटे-छोटे लम्हों में इत्मीनान पाती मां को समझ जाते हैं।

**मां परवाह का ही एक और नाम है। प्यार, स्नेह, वात्सल्य इसके पर्यायवाची हैं। तो यह स्पष्ट है कि परवाह के क्षणों में मां सुख पाती है।**

### बच्चे की पुकार कि 'मां, एक रोटी और देना' पर....

मां स्नेह की सुगंध से भरी फूली-फूली गर्म रोटी उसकी थाली में रखकर जो आनंद पाती है, वह है मां की ख़ुशी का लम्हा। बच्चा पेट-भर खाए, उसकी भूख शांत हो जाए, बस, यही तो वो चाहती है।

### बच्चे को थपकी देकर सुलाते हुए...

बच्चा चैन से सोए, दुनिया के दु:ख उसे छू न पाएं, हर थपकी में मां यह दुआ पिरोती रहती है। बच्चा जितनी देर जागता रहे, मां को चाहे कितनी थपकियां देनी पड़ें, उसकी दुआओं के मनके उंगलियों पर फेरियां लगाते रहते हैं। उस लम्हे में मां खुशियां पाती है।

### बच्चे के बालों पर कंघी फेरते हुए...

बच्चे को लगता है मां केवल बाल संवार रही है, लेकिन वो बलाएं हटा रही होती है। अनदेखा नजर का टीका उसके माथे पर लगाती है। बच्चे के बनने-ठनने का यह लम्हा मां को बहुत प्रिय होता है। बहुत ख़ुशी देता है।

### बच्चे का सामान व्यवस्थित करते हुए....

यह केवल मां के हिस्से की खुशी है। बच्चा नजर के सामने न भी हो, तो भी वो बच्चे के इस्तेमाल वाली वस्तुओं में अपना वात्सल्य भरती रहती है। कितनी ही मांओं के पास अपने बच्चों के बचपन के कपड़े या खिलौने मिल जाएंगे। रहती दुनिया तक, मां जब भी अपने बच्चे के सामान को स्पर्श करती है, उसे हर बार उतनी ही खुशियों वाला लम्हा मिलता है।

### अपने बच्चे को कम्बल ओढ़ाते समय...

कितने ही बच्चे, शायद ज्यादातर बच्चे एक उम्र के बाद मां को अपना बड़ा हो जाना जताने लगते हैं। अपना ध्यान ख़ुद रख लेने में सक्षम बताते हैं, लेकिन सोते हुए कम्बल ओढ़ना भूल जाते हैं या उसे नींद में संभाल नहीं पाते। तब मां आती है सर्द रात में अपने स्नेह की ओट देने। ठिठुरते बच्चे को ऊष्मा मिलने वाले लम्हे में मां सुखी होती है।

### बच्चा शाम को घर आए, तो उसकी एक झलक पाकर...

इस सुख का तो क्या बखान किया जाए! लौटने में थोड़ी-सी भी देर हो जाए, तो बच्चे के शब्द होते हैं, 'चिंता करने की क्या बात थी। आ ही तो रहे थे।' मां बता नहीं सकती कि जब शाम के हाथ से धूप फिसलती जाती है, तो मां का चैन भी लेती जाती है। उसे उस समय अपने बच्चे घर में सुरक्षित चाहिए होते हैं। उनके क़दमों की आहट पा जाए, उनकी झलक दिख जाए, वो लम्हा मां के इत्मीनान का होता है।

ऐसे हजार-हजार लम्हों में सिमटी होती है मां, जो मां बनने पर ही मिलते हैं। चौखट पर सिर टिकाए, अपने में मगन बच्चे को निहारती मां की आंखें एक-साथ बलाएं ले रही होती हैं, दुआएं देती हैं, फिक्र में आंसू भर लेती हैं, स्नेह से छलक जाती हैं... हर रोज, ऐसे ही असंख्य पल वो आंचल में समेटती है। मां के हिस्से के इन लम्हों से बनते हैं मातृ दिवस, मातृ वर्ष, मातृ जीवन।


श्री हनुमान
जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
अमित मालपानी
98294 29666



प्रदीप बाहेती
अध्यक्ष



नटवर लाल अजमेरा
महासचिव शिक्षा

Sanskriti
Pre Primary School

# एमपीएस संस्कृति, तुलसी मार्ग, बनीपार्क

### ज्ञान ही शक्ति है, जानकारी, स्वतंत्रता है

प्रत्येक परिवार और समाज में शिक्षा, प्रगति का आधार है। वर्ष 2021-22 का शिक्षा सत्र समाप्ति की ओर है। बच्चों को 2021-22 में संस्कृति द्वारा कोविड प्रोटोकॉल के तहत वर्चुअल शिक्षा दी गई। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ वर्षभर कई थीम से संबंधित क्राफ्ट, डांस, स्टोरी टैलिंग जैसी एक्टिविटी भी करवाई गई।

### शैक्षिक मूल्यांकन

बच्चों की वार्षिक गुणवत्ता को परखने के लिए 2021-22 का शैक्षणिक मूल्यांकन करवाया गया, जिसमें बच्चों को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों विकल्प दिए गया। वर्कशीट के माध्यम से यह मूल्यांकन पूर्ण किया गया। अन्तिम दिन बच्चों के फन के लिए डांस पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

### Level II फेयरवेल ( 16.03.2022 )



Level III के बच्चों के लिए संस्कृति में यह अंतिम वर्ष था। कोविड प्रोटोकॉल के तहत लगभग 2 वर्ष से स्कूल बंद थे। बच्चों का आपस में इन्टरेक्शन करवाने के लिए संस्कृति द्वारा एक फेयरवेल व डॉस पार्टी आयोजन किया गया। सभी बच्चे अपने फ्रेन्ड्स के साथ इस दिन को व्यतीत करने के लिए उत्साहित थे। बच्चों को स्कूल द्वारा विभिन्न फन एक्टिविटिज करवाई गईं। बच्चों को स्कूल द्वारा हैल्दी ड्रिंक तथा फूड दिया गया। बच्चों की अपनी टीचर्स तथा प्रधानाध्यापिका के साथ ग्रुप फोटोज क्लिक की गई। संस्कृति की प्रधानाध्यापिका तथा संस्कृति सचिव द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।







### स्प्रिंग कैम्प-2022

बच्चों की स्कूल में नियमितता बनी रहे, इसके लिए स्कूल द्वारा स्प्रिंग कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को प्रतिदिन ड्रॉइंग, क्राफ्ट, फायरलेस कुकिंग, स्टोरी टेलिंग व डांस जैसी एक्टिविटी से करवाई गई। स्प्रिंग कैम्प से बच्चों की 80% उपस्थिति रही।

नई उम्मी, नई आशा और नूतन भवन के साथ हम अगले शैक्षणिक सत्र की ओर अग्रसर हैं। संस्कृति में सत्र 2022-23 अनवरत जारी है। 2022-23 नया शैक्षणिक सत्र 6 अप्रैल 2022 से निरंतर शुरू कर दिया गया है।

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

कॉलेज में अतंराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मिस मेघा झंवर व मिस सुलोचना माहेश्वरी, समाज सेविका ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने सशक्त महिला सशक्त राष्ट्र के विषय में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन शिक्षा है। उन्होंने महिलाओं से अपने अच्छे गुणों को और अधिक विकसित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मनीष राठी, मिस मेघा झंवर, मिस सुलोचना माहेश्वरी व समस्त टीचिंग स्टाफ ने संयुक्त रूप से किया।



महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मनीष राठी ने कहा कि आज की नारी अबला नहीं है, महिला दिवस पर महिलाओं की उपलब्धियों को सराहे जाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के मानद सचिव श्री कैलाश अजमेरा ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला शक्ति का पुंज है शिक्षा के माध्यम से महिलाएं स्वयं को समाज में ससम्मान स्थापित कर रही हैं जिससे उनका आने वाला कल और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ ईश्वर का निवास होता है। इस मौके पर कॉलेज के भवन सचिव श्री सुनील मालपानी, हॉस्टल समन्वयक श्री सांवरमल परवाल ने समस्त शिक्षकगणों को अतंराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाइयां दीं।

### कॉलेज में प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा सम्पन्न

कॉलेज की सभी वर्ग की छात्राओं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए दिनांक 3 मार्च 2022 से प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसे विश्वविद्यालय परीक्षाओं की पूर्व तैयारी के उद्देश्य से आयोजित किया गया। परीक्षाओं में छात्राओं के द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया एवं सभी छात्राओं ने मुख्य परीक्षा से संबन्धित सभी पहलुओं को समझा। कॉलेज के मानद सचिव श्री कैलाश चंद अजमेरा ने सभी छात्राओं को इस सत्र के आने वाले समय में पूरी मेहनत व लगन से परीक्षा तैयारी में जुट जाने हेतु संकल्पित किया।



### होली मिलन समारोह का आयोजन

कॉलेज होली मिलन समारोह का आयोजन कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मनीष राठी एवं समस्त शिक्षकगण की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मनीष राठी ने सभी से रंगों के त्योहार को हर्ष-उल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। कॉलेज के मानद सचिव श्री कैलाश चंद अजमेरा ने कहा कि होली के विविध रंग हमें जीवन में विविधताओं का अहसास करवाते हैं, यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का त्योहार है। इस मौके पर कॉलेज के भवन सचिव श्री सुनील मालपानी, हॉस्टल समन्वयक श्री सांवरमल परवाल ने समस्त शिक्षकगणों को होली के पावन पर्व की बधाइयां दी।





### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन

कॉलेज में छात्राओं को जागरूक बनाने के लिए वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुमिता शारदा व डॉ. रीना जैन द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूक उपभोक्ता संरक्षित उपभोक्ता विषय पर परिचर्चा आयोजित हुई, जिसमें छात्राओं को सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चुनने का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, निवारण की मांग करने का अधिकार आदि विषयों से अवगत करवाया गया । कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मनीष राठी ने शोषण से बचने के लिए ग्राहकों को जागरूकता का मंत्र दिया। कॉलेज के मानद सचिव श्री कैलाश चंद अजमेरा ने उपभोक्ताओं के अधिकारों को विस्तार से बताया कि भारत में विभिन्न उपभोक्ता संगठन कार्य कर रहे हैं जो उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ सहायता प्रदान करते हैं।





### MAHESHWARI GIRLS HOSTEL

कॉलेज में अध्ययनरत छात्राएँ, शहर के विभिन्न माहेश्वरी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राएं, अन्य विद्यालय की छात्राएं एवं अन्य महाविद्यालय की छात्राओं के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध है जिनका संचालन माहेश्वरी कॉलेज द्वारा किया जाता है हॉस्टल में निम्न सुविधाएं उपलब्ध:-



## विद्यालय में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए दिशा-निर्देश (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम आयोजित

26 मार्च को विद्यालय में कक्षा प्रथम का अनुस्थापन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा प्रथम के नन्हे-मुन्ने छात्र - छात्राओं व अभिभावकों का स्वागत किया गया। विद्यालय के तक्षशिला सभागार में प्राचार्य श्री अशोक वैद ने विद्यालय की रीति-नीति व नियमों की जानकारी दी तथा क्रमबद्ध तरीके से दिशानिर्देश दिए जिससे कि सत्रभर किसी भी अभिभावक को किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्राचार्य ने अनूठे एकीकृत पाठ्यक्रम से अभिभावकों को अवगत कराया जिसमें दो सत्रों में चार-चार पुस्तकों का मूल्यांकन सुनिश्चित किया गया है। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को पौष्टिक और संतुलित भोजन दिया जाना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि विद्यालय के साथ-साथ घर पर भी संस्कार, संस्कृति और अच्छी आदतों का बच्चों में समावेश हो। जलपान के पश्चात छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकगण को विद्यालय-दर्शन करवाया गया जिसमें उन्होंने सरस्वती-मंदिर, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, खेल का मैदान, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा कक्षा-कक्ष देखा। इस कार्यक्रम से अभिभावकगण अतिप्रसन्न व संतुष्ट हुए व विद्यालय की मुक्त-कंठ से प्रशंसा की।

## पूर्व प्रतिभाशाली छात्र व इंडिया गॉट टैलेंट के बीट बॉक्सर दिव्यांश कचौलिया का विद्यालय में कार्यक्रम

बहुत ही हर्ष का विषय है कि विद्यालय के भूतपूर्व प्रतिभाशाली छात्र दिव्यांश कचौलिया ने अपना नाम सार्थक करते हुए सोनी टी.वी. पर आयोजित कार्यक्रम इंडिया गॉट टैलेंट में बीट बॉक्सिंग में असाधारण प्रदर्शन के द्वारा अतिमहत्त्वपूर्ण व जीत के निर्णायक सोपानों को पार करते हुए परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन किया है। 29 मार्च को विद्यालय के तक्षशिला सभागार में ई सी एम एस के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, विद्यालय के मानद सचिव श्री कमल सोमानी, भवनमंत्री श्री संजय बांगड , विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक वैद व अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने बीट बॉक्सर दिव्यांश कचौलिया और बांसुरी वादक मनुराज सिंह राजपूत इन दोनों ही प्रतिभाओं का भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार पुष्पगुच्छ देकर, दुशाला ओढ़ाकर व साफा पहनाकर स्वागत- सत्कार किया तथा स्मृति-चिह्न भेंटकर विद्यालय में उनके आगमन को अविस्मरणीय रूप दिया। सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राएँ व समस्त अभिभावक दोनों कलाकारों को प्रत्यक्ष देखकर अतिप्रसन्न थे। बीट बॉक्सर दिव्यांश और बांसुरी वादक मनुराज ने अपनी कला का अद्‌भुत प्रदर्शन करते हुए समाँ बाँध दिया जिससे सभागार में उपस्थित श्रोतागण मंत्र-मुग्ध हो गए। सभी ने बीट बॉक्सर दिव्यांश कचौलिया और बांसुरी वादक मनुराज सिंह राजपूत को विजयी होने के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिया। ऐसे अद्‌भुत प्रतिभाशाली पूर्व छात्र ने विद्यालय और पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। इस मौके पर दिव्यांश के माता-पिता का भी सम्मान किया गया।

गौरतलब है कि मुख से विभिन्न वाद्य-यंत्रों की ध्वनियाँ निकालने में दिव्यांश कचौलिया पारंगत हैं। इसी कारण सोनी टीवी पर आयोजित कार्यक्रम में वे निरंतर गोल्डन बजर प्राप्त करने में सफल हुए हैं।



## विद्यालय में होलिकोत्सव का आयोजन

विद्यालय में होली की पूर्व संध्या पर उल्लास से परिपूर्ण रंगोत्सव का आयोजन किया गया। ई सी एम एस के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, मानद सचिव श्री कमल सोमानी, भवनमंत्री श्री संजय बांगड़ एवं अन्य पदाधिकारीगण ने अपनी गरिमामय उपस्थिति के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकगण को इस होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएँ दीं कि सबका जीवन ऐसे ही उल्लासमय बना रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के संगीत विभाग के शिक्षकों ने प्रासंगिक फाग-गीतों के माध्यम से सम्पूर्ण परिवेश को जीवंत बना दिया। विद्यालय के अन्य विभागों के शिक्षकों ने होली के विविध गीत गाकर एवं नृत्य प्रस्तुत करके वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक वैद ने प्रबंध समिति के समस्त गणमान्य पदाधिकारियों का स्वागत किया व होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।









## खुशी के रंगों से सजा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

*जो संसार रचती है, प्राणों को आधार देती है*
*थकती नहीं कभी वो, वो शक्ति स्वरूपा होती है।।*



8 मार्च को विश्व की आधी आबादी और पूर्ण शक्ति, नारी शक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अपनी प्रसन्नता और परिपूर्णता का स्मरण पुन: करवाया। mgps का प्रांगण भी इसका साक्षी बना। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने सभी महिला कर्मचारियों के लिए सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अनौपचारिक कार्यक्रम में संगीत की धुन ने सभी को अपनी परेशानियों को भूल कर झूमने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पुरुष सहयोगियों ने महिला सहयोगियों के प्रति अपने आदर व सम्मान का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में बराबर की भागीदारी की।

## होली महोत्सव की धूम मची

*जब अबीर का रंग हथेली को छूता है*
*वह होकर उन लकीरों से,जीवन को रंग देता है।।*




मदमस्त होली के त्योहार के रंग जब mgps के प्रांगण में बिखरे तो लगा मानो आसमान से सतरंगी मेलों का रंग नीचे उतर आया हो। विद्यालय के मानद सचिव श्री मुरारी लाल बिड़ला सपत्नीक कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय के भवन मंत्री श्री कमलेश लड्ढा ने होली के इस रंगारंग कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी खुशियों को प्रकट किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रथम पूज्य गणपति की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसे विद्यालय के संगीत विभाग ने प्रस्तुत किया। विद्यालय के विषयवार विभागों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लय-ताल की महफिल सजाई और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## विश्व फलक पर तारे-सी बिखेरी चमक

अपनी दृढ़ता और तैयारियों को मिलाकर जब कोई आगे बढ़ता है तो सफलता की एक नई इबारत गढ़ता है। mgps की प्रतिभावान छात्रा आस्था डंगायाच ने विश्व पटल पर अपनी सफलता से नई कहानी लिखी है। आस्था ने National level Science Talent Search Exam(NSTSE)-2022 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 100 विद्यार्थियों के मध्य 29वाँ स्थान हासिल कर विद्यालय को वैश्विक पहचान दिलवाई।




विद्यालय के मानद सचिव श्री मुरारीलाल बिड़ला व प्रधानाध्यापिका डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने आस्था को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

## सफलता की कहानी में बिखेरी रजत की चमक

आनंद इंटेरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, जयपुर में आयोजित Schoolyapics-2022 में mgps की बास्केट बॉल टीम ने रजत पदक पर अपना अधिकार साबित किया। रजत पदक के अलावा टीम को रुपये 5100/- व प्रमाणपत्र भी पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुए। टीम सदस्य के रूप में तनिष्का गुर्जर, आयुषी पँवार, भावना बाहेती, वैष्णवी पारीक, सिद्धि माहेश्वरी, सोम्या सिंह, गौरंगी राठी, वंशिका तपोड़ी, अनुष्का खांडल, अनमोल उपाध्याय, टियान्शी कुमावत, राशी शर्मा ने रजत पदक की इस कहानी में अपना योगदान दिया।



## Women's Day

*करुणा को सागर की धार बनाकर,*
*तुम भी लहरों सी हुंकार भरो।*
*शक्ति स्वरूपा हो तुम नारी,*
*सर्वोपरि आत्मसम्मान रखो।।*




Honouring womanhood and emphasising on the role of empowered women in shaping an ideal society, MPS, Pratap Nagar, celebrated International Women's Day on March 8, 2022. Ms. Preeti Baheti, Chairperson, National Women's Tribal Society, Ms. Seema Rathi, International Secretary, Scouts and Ms. Pooja Rathi graced the event as esteemed guests with their dynamic presence.



The programme began with a mellifluous symphony of music, marking the significance of the day. Female staff members enjoyed rejuvenating games activities. The distinguished guests felicitated the lady teachers with gifts and titles, glorifying their set of skills and qualities as individuals.



The Principal, Ms. Reeta Bhargava, accentuated the strength of women and urged everyone to make endeavours to turn challenges into opportunities. The guests also appreciated the pivotal role played by women in all walks of life.

## Holi Celebration

*रंगों का सत्कार करें, जीवन का सिंगार करें ।*
*फागुन का उल्लास सजा कर, हर पल में मधुमास भरें।।*

MPS, Pratap Nagar organised 'Holi Get Together Ceremony' for staff members with gaiety and mirth on 16th March, 2022. Ms. Meenakshi Khator, entrepreneur and Ms. Preeti Maheshwari, social worker infused vibrance to the function as celestial guests. A warm welcome was accorded to the revered guests by Honorary Secretary Shri Mukesh ji Rathi. Shri Manish Ji Modani and Shri Ram Ji Chitlangya were also present in the programme.

The ambience reverberated with fun and fervor as songs replicating the spirit of Holi were sung. The teachers decked up in colourful attire participated enthusiastically in group dance presentations.

Showing concerns towards the environment and mother earth, the festival was celebrated in an eco-friendly way with herbal colours and flower petals. The guests stated that Holi signifies the importance of colours in our lives in the form of happiness, prosperity, harmony and peace. The day was spent cheerfully and etched joyful memories in everyone's heart.





# Alumni Meet

*कंधों पर जिम्मेदारियाँ नहीं, बस बस्ते थे।*
*स्कूल के दिनों में, हम जी खोलकर हँसते थे।।*

On 19th March, 2022, MPS Pratap Nagar organised a gala event Alumni Meet 2022-Reminiscences. The celestial guests, Shri Rohit Malpani, IPS, SP State CID Cyber Crime, Shimla, Ms. Ekta Kabra, RAS, Land Acquisition Officer, RIICO and distinguished dignitaries of the ECMS graced the occasion with their benign presence. The dynamic alumni of MPS, Pratap Nagar who are blowing the trumpet of success in all spheres of life, marked their charismatic presence in the event. All the distinguished guests were accorded a warm welcome.

The exuberant students of mpspn unveiled mesmerising cultural bonanza, adding sparkling hues to the scintillating evening. The vibrating and vivacious dances accompanied by mellifluous and zestful music left the audience enraptured. A well-conceived and beautifully scripted Nukkad Natak rewinded unforgettable memories of school days.

Shri Mukesh ji Rathi, Honorary Secretary, proposed his plans for future and urged the alumni to strengthen their bond with their alma mater. A vote of thanks was extended at the end.













## शक्ति का पुंज नारी

विद्यालय में महिला दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, क्राइम ब्रांच, सुलेश चौधरी, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर चित्रा काबरा, निदेशक काबरा आई हॉस्पिटल, ईसीएमएस महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा, विद्यालय सचिव श्री निर्मल दरगड़, भवन मंत्री श्री भवानी शंकर बाहेती व एमएमसी मेंबर्स ने सपत्नीक शिरकत की। प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा घूमर नृत्य व अध्यापकों द्वारा कविता व सुमधुर गीतों द्वारा नारी मन के भावों को प्रकट किया गया। महासचिव शिक्षा ने महिलाओं को सृष्टि का आधार मानते हुए उन्हें सशक्त बनाने एवं प्रत्येक परिस्थिति में अपना मनोबल बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि वे अपरिमित शक्ति और क्षमताओं का पुंज हैं। उनके विकास द्वारा ही संपूर्ण समाज का विकास संभव है। इस अवसर पर महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व कई रोचक गेम्स भी रखे गए जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिमाह श्रेष्ठ कार्य करने वाले अध्यापकों को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय सचिव श्री निर्मल दरगड़ व श्रीमती चारू दरगड़ ने महिलाओं को सम्मान देते हुए कहा कि माँ, पत्नी, बहन व बेटी नारी का हर रूप पूजनीय है, उनके बिना पुरुष समाज अपने अस्तित्व की कल्पना भी नहीं कर सकता। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## रंगों द्वारा आपसी मनमुटाव को मिटाने का पर्व होली

विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यापकों द्वारा फाग, 'होली खेल रहे नन्दलाल', 'नैना नीचा करले', 'आज बिरज मे होली रे रसिया' व हास्य-व्यंग्य से ओतप्रोत काव्य-पाठ प्रस्तुत किया गया। गुलाल का टीका लगाकर व फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय सचिव व प्राचार्या ने होली में रंगों के साथ-साथ आपसी मनमुटाव को धो डालने का संदेश दिया।



## अभिविन्यास( ओरियन्टेशन )कार्यक्रम का आयोजन

एम.पी.एस. इन्टरनेशनल में कक्षा प्रथम के अभिभावकों हेतु अभिविन्यास (ओरियन्टेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने अभिभावकों को सत्र 2022-23 की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर भी पूर्ण ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना विद्यालय का मुख्य ध्येय है। विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कठिन परिश्रम, निरन्तर अभ्यास व अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर कक्षा प्रथम की कक्षा अध्यापिकाओं का परिचय दिया गया। विद्यालय के नियम, उत्तर पुस्तिकाओं व पुस्तकों हेतु सामान्य निर्देश, विद्यालय गणवेश व परीक्षा प्रणाली से अभिभावकों को परिचित करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अभिभावको में विद्यालय नियमावली के प्रति विश्वास नज़र आया। विद्यालय प्राचार्या व प्राथमिक कक्षा-संयोजिका द्वारा अभिभावकों की शंकाओं का समाधान किया गया। विद्यालय मानद् सचिव श्री निर्मल दरगड़, प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह व उप-प्राचार्या श्रीमती मंजू शर्मा ने विद्यार्थियों को नवीन शिक्षण सत्र हेतु शुभकामनाएँ दीं।



## नए सत्र की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ

विद्यालय में 2022-23 सत्र की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ हुई। सभी विद्यार्थी उत्साह के साथ विद्यालय आए। कक्षा प्रथम के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही उन्हें उपहार प्रदान किए गए। बच्चों ने सेल्फी जोन में सेल्फी ली। बच्चों ने अनेक प्रकार के खेल खेलते हुए मस्ती भी की जिससे उनके चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। लंबे अंतराल के बाद विद्यालय आने पर बच्चे और अध्यापक खुश दिखाई दिए।



## विशेष उपलब्धियाँ

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्राप्त किया द्वितीय स्थान

जयपुर जिला शतरंज संघ व चैस पेरेन्टस ऐसोशियशन के तत्वावधान में आयोजित जयपुर जिला शतरंज अण्डर-14, बालक वर्ग प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 7 के छात्र गर्वित शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चुने गए। इस सफलता के लिए विद्यालय सचिव श्री निर्मल दरगड़, प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह व विद्यालय परिवार ने गर्वित को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## शाश्वत सिंह ने कविता के माध्यम से यातायात जन जागृति का दिया संदेश



इन्टरनेशनल हार्ट केयर सेंटर हॉस्पिटल ने वूमेन कार रैली का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय के छात्र शाश्वत शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से लोगों को सिग्नल, ट्रैफिक नियम, सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने हेतु स्वरचित कविता द्वारा संदेश दिया। उपस्थित सभी ने शाश्वत के इस प्रयास की प्रशंसा की।

## टीचर ऑफ द मंथ

विद्यालय के शिक्षक श्री रतन सिंह व शिक्षिका श्रीमती पूजा नरयानी को अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए मार्च माह में 'टीचर ऑफ द मंथ' के सम्मान से नवाज़ा गया। प्राचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने दोनों शिक्षकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।



## विशेष अवसरों पर शुभकामनाएँ

शिवरात्रि, राष्ट्रीय वन्य जीव दिवस, महिला दिवस, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस, होली, विश्व रंगमंच व राजस्थान स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। कक्षा-शिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन अवसरों के महत्त्व से अवगत कराया।



## लोकार्पण समारोह



















दिनांक 27 मार्च, 2022 को 'कौटिल्य' सभागार का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार डॉ. बी. डी. कल्ला, लोकार्पण कर्ता श्री आर.डी. बाहेती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरमैन ए.पी. बैंक श्री रमेश कुमार बंग ने विराजमान होकर कार्यक्रम की षोभा बढ़ाई। समाज संरक्षक व समाज सेवी श्री आर.डी. बाहेती ने अपने कर-कमलों द्वारा शिला-पट्ट का अनावरण कर 'कौटिल्य' सभागार का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम अपने व्यक्तित्व तथा चरित्र का निर्माण अपने कर्मों द्वारा करते हैं। माहेश्वरी पब्लिक स्कूल इस कार्य में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ वैदिक संस्कार भी प्रदान कर रहा है। भारतीय परंपरा का निर्वाह करते हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर तथा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा प्रथम पूज्य, विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भारतीय सभ्यता तथा मूल्यों से परिचित कराने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अतुल्य भारत' प्रस्तुत किया गया। नाटक तथा लोक-नृत्यों के माध्यम से भारत के विभिन्न राज्यों के इतिहास तथा संस्कृति से परिचित करवाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा कई ऐतिहासिक चरित्र जैसे पन्नाधाय, महाराणा प्रताप, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, भगतसिंह तथा महिला सशक्तिकरण के उदाहरण स्वरूप ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम एवं मीराबाई चानू को याद किया गया। विद्यालय ऑर्केस्ट्रा ने अपनी प्रस्तुति द्वारा स्वर-साम्राज्ञी स्वर्गीय लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी। भवन मंत्री श्री मनीष सोमानी ने 'कौटिल्य' सभागार के विषय में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ECMS अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, उपाध्यक्ष श्री रमेश कुमार सोमानी, महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा, महामंत्री (समाज) श्री गोपाल लाल मालपानी, कोषाध्यक्ष C.A. श्री नटवर कुमार सारड़ा, विद्यालय मानद् सचिव श्री मनोज कुमार बिड़ला, भवन मंत्री श्री मनीष सोमानी, प्रधानाचार्य श्री ओ. पी. गुप्ता तथा मैनेजिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## वैक्सीनेशन कैंप

देशहित फाउंडेशन तथा एमपीएस कालवाड़ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 मार्च, 2022 को विद्यालय में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को कोविड महामारी से बचाव के लिए टीके लगाए गए। 190 बच्चों ने इस शिविर में आकर सुविधा का लााभ उठाया। इस अवसर पर भवन मंत्री श्री मनीष सोमानी, श्री नवीन सोमानी, श्री नवीन मूँदड़ा तथा प्रधानाचार्य श्री ओ. पी. गुप्ता ने अपना हर संभव सहयोग प्रदान किया। विद्यालय मानद् सचिव श्री मनोज कुमार बिड़ला तथा प्रधानाचार्य श्री ओ. पी. गुप्ता ने देशहित फाउंडेशन के इस कार्य की सराहना की।

## एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना का लोकार्पण





विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अत्याधुनिक खेल प्रांगणों एवं खेल सामग्री से सुसज्जित 'एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना' के लोकार्पण कार्यक्रम का 20 मार्च को भव्य आयोजन किया गया। इस भव्यतम एवं दिव्यतम 'एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना' के लोकार्पणकर्ता ख्यातिलब्ध समाजसेवी एवं सुप्रसिद्ध व्यवसायी श्री ओमप्रकाश तोषनीवाल, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रवादी सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनइंद्रजीत सिंह बिट्टा, ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा, उपाध्यक्ष श्री रमेश सोमानी, कोषाध्यक्ष श्री नटवर कुमार सारडा, मानद् सचिव श्री श्याम सुंदर तोतला, भवन सचिव श्री सुरेंद्र काबरा आदि सभी पदाधिकारीगण, एम.पी.एस अजमेर रोड प्राचार्या श्रीमती दलजीत कौर एवं श्री माहेश्वरी समाज के सभी शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य व उपाचार्य उपस्थित थे। इस लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ लोकार्पणकर्ता श्री ओमप्रकाश तोषनीवाल, मुख्य अतिथि श्री मनइंद्रजीत सिंह बिट्टा व ई.सी.एम.एस के पदाधिकारियों के द्वारा माँ वीणावादिनी सरस्वती एवं गौरीपुत्र गणेश के चरणों में पुष्पहार चढ़ाकर व दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री महामंत्र जाप से शुभारंभ किया।



लोकार्पणकर्ता श्री ओम प्रकाश तोषनीवाल, जिन्दा शहीद के उपनाम से अलंकृत मुख्य अतिथि श्री मनइन्द्रजीत सिंह बिट्टा एवं ई.सी.एम.एस. के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती द्वारा 9312 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विस्तृत 'एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना' का लोकार्पण रिबिन काटकर किया गया। इस 'एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना' में सिंथेटिक एथेलेक्टिस ट्रेक, तीन PVC सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट, बॉस्केटबॉल कोर्ट एवं 15 अन्य खेलों के खेल प्रांगणों का उद्घाटन किया गया।



इस लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनइंद्रजीत सिंह बिट्टा ने आशीर्वाद स्वरूप श्री माहेश्वरी समाज द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं खेल के प्रति अपने महत्त्वपूर्ण योगदान के क्षेत्र में स्थापित कीर्तिमानों के लिए उनकी मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए बच्चों में संस्कार एवं राष्ट्र प्रेम जागृत करते हुए हमारी आन-बान-शान तिरंगे के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा दी। भारत सरकार द्वारा रूस-यूक्रेन से भारतीय एवं अन्य देशों के विद्यार्थियों को तिरंगे को सुरक्षा कवच बनाकर सुरक्षित अपने घर वापसी, धारा 370, आतंकवादियों के खात्मे को लेकर चलाए जा रहे अभियानों के लिए मोदी सरकार की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। ईसीएमएस अध्यक्ष, महासचिव शिक्षा एवं मानद् सचिव ने अतिथियों एवं सभी गणमान्यजनों का स्वागत उद्‌बोधन करते हुए शैक्षणिक जीवन में खेलों का महत्त्व बताते हुए कहा कि इस 'एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना' के बनने से समाज की सभी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को वह आधार मिलेगा जिससे खेलों में मुकाम हासिल करने का जो स्वप्न उन्होंने सँजोया है वह साकार हो सकें।



विद्यालय भवन सचिव श्री सुरेंद्र काबरा ने अतिथियों, ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, पदाधिकारीगण, अभिभावकगण, विद्यार्थीगण एवं 'एकलव्य स्पोर्ट्स ऐरिना' के निर्माण कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए ईश्वर से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**Physiotheraphy**
**Starts @ ₹ 200/-**

**सोनोग्राफी**
प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक




**श्री माहेश्वरी डायलिसिस डायग**

210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौत्तम नगर, निर्माण नगर, जयपुर-19 | फोन :

लैब का समय : प्रातः 8 से सायं 6 बजे (सोमवार से श

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Blood Sugar 30/- | Cholesterol 30/- | Creatinine 40/- | SGOT 40/- | SGPT 40/- | Ele |
| Urine R/E 40/- | Uric Acid 50/- | Calcium 50/- | Sodium 50/- | CBC 100/- | Lip |

जाँचें बहुत किफायती दरों पर की जाती हैं एवं रिपोर्ट ई-मेल पर भेजी जाती हैं।
नोट : घर से सैम्पल कलेक्शन की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध

# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-302039
फोन : 0141-2230511, 6377506355
Email : testreports.smdc@gmail.com, gopal@shrimaheshwaridiagnostic.com
Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com

लैब का समय : प्रातः 8 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक (रविवार)

SONOGRAPHY * • DIGITAL X-RAY * • 2D-EHCO

ULT

ब्लड कलेक्शन सेन्टर








# DIALYSIS
**Starts @ ₹850/-**

## नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेन्टर

: 0141-2948761, 2948760 मोबा. : 8306300304 | Email : smddrclab@gmail.com

निवार) | प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे (रविवार)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ectrolytes 50/- | PSA 220/- | Hb A1C 200/- | Liver Function 200/- | Thyroid Profile 200/- |
| oid Profile 250/- | RFT 400/- | Vitamin B-12 400/- | Dengue Test 450/- | Vitamin D-3 750/- |

**TRA SONOGRAPHY**
- Whole abdomen
- Limb Doppler
- Small parts (thyroid, testes, breast etc.)

न

**तिलक नगर** श्री माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, विजयपथ, तिलक नगर, जयपुर • फोन : 0141-4045927

**श्याम नगर** 87, सरतीनगर, जनपथ, श्यामनगर, जयपुर • फोन : 0141-4924112, 9414074134

**टोंक फाटक** महेश कॉलोनी, जेपी अण्डरपास के पास, महेश सत्संग भवन, बेसमेंट, टोंक फाटक, जयपुर फोन : 0141-3511267, 8306300165

**निवारु रोड** शॉप नं. 59, सेन्ट ऐन्सलम स्कूल के सामने, मदरलैण्ड स्कूल के पास, निवारु रोड, जयपुर फोन : 0141-3511857, 9649044777

घर से सैम्पल कलेक्शन की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध

समय : प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक (रविवार)

**कलर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध**

## 'होली मिलन समारोह' का आयोजन

विद्यालय के लाहोटी सभागार में 16 मार्च को आयोजित 'होली मिलन समारोह' में मानद् सचिव श्री अशोक कुमार फलोड़ ने अबीर गुलाल का टीका लगाकर शिक्षकगण एवं सभी कर्मचारियों को होली की बधाई दी। मानद् सचिव, भवनमंत्री व विद्यालय के प्राचार्य ने माँ वीणापाणि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



श्री अशोक कुमार फलोड़ ने अपने उद्‌बोधन में भारतीय संस्कृति में त्योहारों का महत्त्व बताते हुए कहा कि होली की अग्नि क्षुद्र सांसारिक इच्छाओं को जलाकर हमें आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करती है। यह पर्व सभी बुराइयों को भुलाकर प्यार की ओर बढ़ना, कलुषित भावनाओं का होलिका दहन कर नेह की ज्योति जलाना और सभी को एक रंग में रंगकर बंधुत्व को बढ़ाना सिखाता है। समारोह में एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर की शिक्षिकाओं तथा एम.एच.एस. के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नृत्य, गीतों, भजनों तथा होली महारास के द्वारा उल्लास के रंग बिखेरे। अंत में अतिथिगणों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।





## विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए आयोजित हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

एम.एच.एस. के लाहोटी सभागार में नव प्रवेशित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए 1 अप्रैल को ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों का विद्यालय प्रशासन द्वारा अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा अभिभावकों को विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय के साथ अंग्रेजी माध्यम व सह-शिक्षा में संचालित इस विद्यालय के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई तथा शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों से अवगत कराया। प्राचार्य ने शिक्षण और मूल्यांकन के तरीकों, आधुनिक तकनीकी से युक्त अध्यापन, विभिन्न कौशल, रुचियों, खेलों, गतिविधियों तथा मनोवृत्तियों के माध्यम से शैक्षिक नवाचारों का प्रयोग कर पाठ्य प्रकरणों को सरल बनाने के तरीके साझा किए व विद्यालय में संचालित स्काउट, एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. की गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत कराते हुए उनकी जिज्ञासा एवं शंकाओं का समाधान किया।



## शिक्षा जगत में उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर एम.एच.एस.

शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर एम.एच.एस. शैक्षिक नवाचारों के साथ सफलता के नवीन सोपानों पर कदम बढ़ा रहा है। विद्यालय के मानद् सचिव के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में विद्यालय ने नवीन ऊँचाइयों को स्पर्श किया है। एम.एच.एस. न केवल शैक्षिक क्षेत्र में अपितु सह-शैक्षिक क्षेत्र में भी नए मुकाम स्थापित कर रहा है। विद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई की स्वीकृति से अब 50 की जगह 100 विद्यार्थी स्वयं सेवक के रूप में समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के कार्यों में अपनी सहभागिता निभा पा रहे हैं।

प्री-प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में यहाँ संचालित एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर, जिसका लोकार्पण हास्य सम्राट श्री आर. डी. बाहेती के करकमलों द्वारा 14 जुलाई को एक भव्य समारोह में हुआ था, आज शहर में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। सत्र 2022-23 में इस स्कूल में प्रवेश के लिए अभिभावकों में विशेष उत्साह के कारण सीटें कम पड़ गई। अभिभावकों की माँग और सकारात्मक रुझान को देखते हुए अब इस दिशा में विशेष ध्यान दिया गया है। एम.पी.एस. संस्कृति, तिलक नगर प्री-प्राइमरी स्कूल के स्वप्नदृष्टा और दूरदर्शी सोच के धनी विद्यालय के मानद् सचिव श्री अशोक कुमार फलोड़ के अनुसार एम.पी.एस. संस्कृति स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक व सृजनात्मक उद्देश्यों को पूर्ण करने की दिशा में अग्रसर है।



एम.एच.एस. में प्रथम बार 1 राज आर्म्ड स्क्वैड्रन राष्ट्रीय कैडेट कोर जयपुर की ओर से जूनियर विंग के लिए आवंटित 50 कैडेट्स के लिए वर्तमान सत्र में 25 कैडेट्स एन.सी.सी. की गतिविधियों में भाग लेकर लाभ उठा रहे हैं। ये कैडेट्स सेवा, समर्पण, अनुशासन और बलिदान के गुणों को अपनाकर राष्ट्र सेवा और सुरक्षा के क्षेत्र में एक नए भविष्य की ओर अग्रसर होकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यार्थियों के विशेष उत्साह को देखते हुए विद्यालय प्रशासन 50 सीटों की और वृद्धि के लिए प्रयासरत है।

उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सदैव कृतसंकल्पित एम.एच.एस. में शैक्षणिक सत्र 2021-22 से विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के साथ अब कला संकाय अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं का संचालन भी प्रारंभ हो चुका है। जहाँ कला संकाय के विद्यार्थियों को भी आधुनिक संसाधनों के साथ-साथ सुसज्जित प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय तथा नवाचारी व अनुकूल शैक्षणिक वातावरण के माध्यम से अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिल रहा है। कला संकाय के विद्यार्थी अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, आई.पी. और गणित आदि विषयों में से वांछित विषय चुनकर अध्ययन का अवसर प्राप्त कर रहे हैं।



## विदाई समारोह का आयोजन

5 मार्च को विद्यालय की कक्षा 12 की छात्राओं के लिए 'अस्मिता' थीम पर विदाई समारोह का आयोजन MGPS में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी एवं ज्योतिष विशारद श्री सीताराम अजमेरा, ECMS के अध्यक्ष श्री प्रदीप बाहेती, महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा, विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारका दास मालू, भवन मंत्री श्री अनिल कचौलिया ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि का माल्यार्पण द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया। अध्यक्ष ने अपने उद्‌बोधन में 'अस्मिता' थीम की सराहना करते हुए बच्चों को अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही विद्यालय की प्रशंसा करते हुए इसे वटवृक्ष की उपमा दी और कहा कि विद्यालय सदैव छात्राओं के विकास में अग्रसर रहा तथा इस विद्यालय से पढ़ी हुई छात्राएँ विभिन्न स्तर के उच्च पदों पर सुशोभित हो रही हैं और उन्हें आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं। मुख्य अतिथि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगे बढ़ने का शुभाशीष दिया। महासचिव शिक्षा तथा मानद् सचिव ने छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुट, लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यवाहक प्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने छात्राओं को विद्यालय की कीर्ति अक्षुण्ण बनाए रखने का संदेश दिया। कक्षा 11 की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय की हैड गर्ल ने अपने विचार साझा किए। विद्यालय की छात्राओं को स्मृति स्वरूप फोल्डर दिए गए। उप प्राचार्या श्रीमती सरोज जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## होली कार्यक्रम का आयोजन



15 मार्च को विद्यालय में प्राथमिक स्तर की छात्राओं के लिए रंगारंग होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नन्हीं-मुन्नी बालिकाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही राधा-कृष्ण की सुंदर छवि से सभी को आनन्दित किया। नन्हीं बालिकाओं की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट से मैत्रेयी सभागार गूँज उठा। विद्यालय के मानद् सचिव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



## फागोत्सव की धूम

16 मार्च, 2022 को विद्यालय में स्टॉफ के लिए फागोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारका दास मालू, भवन मंत्री श्री अनिल कचौलिया ने माँ सरस्वती व राधा-कृष्ण के माल्यार्पण एवं तिलकार्चन से किया। सचिव ने सुमधुर फाग गीतों द्वारा कार्यक्रम को रोचक बनाया। स्टॉफ द्वारा हास्य-कविताएँ, गीतों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गई। इस अवसर पर फूलों की होली खेली गई। कार्यवाहक प्राचार्य ने सभी को होली की बधाई दी। उप प्राचार्या ने सभी को धन्यवाद दिया। ठंडाई एवं जलपान द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।




## भामाशाह का किया सम्मान

दिनांक 24 मार्च, 2022 को विद्यालय में डॉ. महेश बज एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीरा बज का स्वागत-सत्कार किया गया। विद्यालय के मानद् सचिव ने डॉ. साहब का स्वागत माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर



किया। साथ ही विद्यालय की उप प्राचार्या श्रीमती सरोज जोशी द्वारा श्रीमती बज का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने डॉ. साहब का परिचय देते हुए कहा कि डॉ. साहब एम.बी.बी. से 1960 में उत्तीर्ण हुए हैं। वर्तमान में आयरलैंड में पेथोलोजिस्ट के पद पर सुशोभित हैं। इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देते हुए 'नीरा महेश बज चेरिटेबल ट्रस्ट' बनाया है। जिसके अन्तर्गत विगत वर्ष हमारे विद्यालय की 12वीं कक्षा की होनहार छात्राओं को नगद पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। भविष्य में भी इसी योजना को अनवरत जारी रखने का इन्होंने प्रण लिया है। डॉ. साहब ने अपने वक्तव्य में विद्यालय जीवन को याद करते हुए अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। श्रीमती बज ने भी अपने विचारों को साझा करते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। विद्यालयी परिवार द्वारा ऐसे भामाशाह व्यक्तित्व को स्मृति स्वरूप शाल तथा गणेश की प्रतिमा भेंट की गई। ऐसे भामाशाह को अपने बीच पाकर विद्यालय परिवार इनका सदैव आभारी रहेगा।





आप सभी को हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं!
अभिषेक मांधना
(रिद्धि सिद्धि साड़ी)
1368 लाल हवेली पितलियों का चौक,
जौहरी बाजार, जयपुर, 302003
80059 18032


"हम साथ - साथ हैं..."

# माहेश्वरी कॉलेज में विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण





माहेश्वरी गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, प्रताप नगर में 13 अप्रैल को विज्ञान प्रयोगशालाओं का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव जैन, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय एंड लोकार्पणकर्ता उद्योगपति श्री प्रदीप कुमार भाला, और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्री सांवरमल परवाल रहे। दी एज्युकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर के चेयरमैन श्री प्रदीप बाहेती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए, उच्च शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष ने भवन सचिव श्री सुनील मालपानी, मानद् सचिव श्री कैलाश चन्द अजमेरा, सहित प्रबंध समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि रिकार्ड समय के भीतर बेहतरीन विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य न्यूनतम लागत पर सम्पन्न करवाया। महासचिव शिक्षा श्री नटवर लाल अजमेरा ने ईसीएमएस की शिक्षा के प्रति अपनी संकल्प प्रतिबद्धता को बताते हुए कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना से बच्चों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक शिक्षा भी मिल सकेगी जिससे उनमें नई तकनीकी के प्रयोग से वैज्ञानिक सोच उत्पन्न होगी। कॉलेज के भवनमंत्री ने शिक्षा में आधारभूत सुविधाओं की अनिवार्यता के साथ शिक्षक और शिक्षार्थियों को कॉलेज की असली पूंजी बताते हुए, भारत के नवनिर्माण के लिए उनका आह्वान किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी साइंस फैकेल्टी और नॉन टीचिंग स्टाफ को प्रशंसा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.राजीव जैन ने उच्चशिक्षा में बालिकाओं के बढ़ते अनुपात को रेखांकित करते हुए माहेश्वरी समाज का शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की। लोकार्पण कर्ता श्री प्रदीप कुमार भाला ने विज्ञान शिक्षा को युग की आवश्यकता बताते हुए, नव पीढ़ी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रमुख समाजसेवी श्री सांवरमल परवाल ने लर्निंग बाय डूइंग को शिक्षा की मूल धुरी बताया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में उपाध्यक्ष श्री रमेश कुमार सोमानी, कोषाध्यक्ष सीए नटवर सारड़ा, प्रबंध समिति सदस्य श्री लक्ष्मी नारायण मोदानी, श्री घनश्याम दास नोवल, श्री राजेन्द्र प्रसाद लड्डा, श्री बृज गोपाल भूतड़ा, श्रीमती मेघा झंवर, श्रीमती सुलोचना बांगर के साथ समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मनीष राठी ने छात्राओं का आह्वान करते हुए उच्च शिक्षा में अपना अनुपात बढ़ाने की बात कहते हुए कहा कि सफलता के शिलालेख स्थापित करता माहेश्वरी गर्ल्स पी. जी. कॉलेज में ह्यूमैनिटीज, कॉमर्स एन्ड मैनेजमेंट व साइंस डिपार्टमेंट के अंतर्गत कोर्सेज सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। अंत में महाविद्यालय के मानद सचिव श्री कैलाश चंद अजमेरा ने बालिकाओं को भारत की संजीवनी शक्ति बताते हुए, धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रीति बाहेती तथा संचालन जाह्नवी यादव और नेहा शेखावत ने किया।









# माँ

माँ है वो जो हँसाती–दुलारती,
त्याग और मेहनत से जीवन को संवारती।
चाहे वह खुद सो जाये भूखे पेट,
पर बच्चों को खिलाती भरपेट।

उसकी ममता की नहीं है कोई सीमा,
उससे सीखा है मैंने यह जीवन जीना।
जीवन के संकट रूपी धूप से वह टकराती है,
परेशानियों में वह मातृ–छाया बन जाती है।

वह है हर चिंता को दूर करने वाली,
वाकई में माँ होती है सबसे निराली।




## ज्योति तोतला
बी–27, मेटल कॉलोनी, अंबाबाड़ी, जयपुर
94148 44444


## "हम साथ – साथ हैं..."

# चुनड़ी मनोरथ यात्रा ने जगाई सामाजिक चेतना





## श्री माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर द्वारा ब्रज के धार्मिक स्थलों के दर्शन-भ्रमण के साथ-साथ आत्म चिंतन, आत्म मंथन, सृजन और समर्पण के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किये गये विभिन्न कार्यक्रम

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर द्वारा गोवर्धन धाम में गिरिराज पर्वत पूजन, फागोत्सव व कंडवारा तथा मथुरा में आयोजित भव्य चुनड़ी मनोरथ महोत्सव पूर्ण श्रद्धा-भक्ति व उल्लास के साथ 12 व 13 मार्च 2022 को संपन्न हुआ। 5 वर्ष के अंतराल पर हुए इस महोत्सव में सहभागिता के लिए समाज बंधुओं व बहनों में इतना उत्साह था कि पंजीयन के लिए पहली बार प्रतीक्षा सूची तक बनानी पड़ी। 9 बसों एवं अनेक कारों से पधारे लगभग 450 समाज जनों ने बृजभूमि में आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम का पूरा आनंद लिया।

महिला परिषद अध्यक्ष रजनी माहेश्वरी ने जानकारी दी कि इस विशाल आयोजन के लिए महिला परिषद कार्यकारिणी द्वारा शांता झँवर एवं इंदिरा अजमेरा को संयोजक तथा नम्रता नोवाल को समन्वयक बनाया गया था। सचिव स्नेहलता साबू ने बताया कि 11 मार्च की रात्रि को 11 बजे श्री माहेश्वरी विद्यालय, तिलक नगर से 9 बसों में विराजे मनोरथियों ने गिर्राज जी के लिए प्रस्थान किया। दी एजुकेशन कमेटी ऑफ द माहेश्वरी समाज जयपुर के सौजन्य से MHS तिलक नगर में सभी मनोरथियों के लिए कढ़ाई के केसरिया दूध की व्यवस्था की गई थी। श्री सुनील मालपानी के नेतृत्व में सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम ने बस व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला। गिरिराज धाम में आयोजन के मुख्य स्थल श्री माहेश्वरी भवन सहित सात भवनों में आरक्षित 200 कमरों में सभी मनोरथियों की आवास व्यवस्था की गई थी और भोजन व्यवस्था माहेश्वरी भवन में ही रखी गई थी।

### गिरिराज पर्वत पूजन

12 मार्च को गोवर्धन के गोविंद कुंड पर गिरिराज पर्वत पूजन के साथ दो दिवसीय चुनड़ी मनोरथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। श्री नटवर गोपाल जी-सुनील जी मालपानी गिर्राज पूजन के मुख्य यजमान रहे। लाल मोठड़े की साड़ियों में सजी संवरी महिलाओं व समाज बंधुओं ने ढप व ढोलक के साथ नाचते गाते श्री गोवर्धन महाराज की महिमा का बखान किया तथा श्रद्धापूर्वक दुग्धाभिषेक द्वारा गिर्राज जी का पूजन किया। यजमान दंपत्ति श्रीमती भावना- श्री सुनील मालपानी का परिषद की ओर से दुपट्टा व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

### फागोत्सव

12 मार्च को सायंकाल श्रीजी बाबा की हवेली आन्यौर स्थित श्रीनाथजी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुए फागोत्सव में कोटा से पधारे श्री गोविंद जी माहेश्वरी (एलेन) ने अपने सुमधुर स्वर में ऐसी भजन गंगा प्रवाहित की जिसने श्रद्धालु दर्शकों को आनंद रस से आप्लावित कर दिया। आयोजन स्थल श्रीनाथजी मंदिर प्रांगण को फूलमालाओं से सुसज्जित किया गया था। अति सुंदर हठरी में विराजे ठाकुर जी के मुग्ध करने वाले दर्शन से भक्तों की नज़रें ही नहीं हट रही थीं। फागोत्सव में पधारे सभी बंधुओं का स्वागत लहरिये की पगड़ी पहना कर किया गया। फागोत्सव के प्रायोजक श्री केदार मल जी भाला ने श्री गोविंद जी माहेश्वरी का अभिनंदन साफा पहनाकर किया। परिषद की ओर से फागोत्सव प्रायोजक श्रीमती चंदा देवी-श्री केदार मल जी भाला को दुपट्टे व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। अनूठे फागोत्सव एवं फूलों की होली ने वहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को नृत्य करने व झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अविस्मरणीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब पर किया गया जिसे हजारों दर्शकों ने ऑनलाइन देखकर आनंद लिया।

### चुनड़ी मनोरथ

13 मार्च को प्रात: काल गोवर्धन धाम से सभी मनोरथी बसों व कारों से मथुरा पहुंचे जहां यमुना महल में चुनड़ी मनोरथ के मुख्य यजमान दंपत्ति श्रीमती कृष्णा जी एवं श्री कृष्ण जी राठी ने चुनड़ी रोल की पूजा की। चुनड़ी मनोरथ हेतु सूरत से 300 चुनड़ी की साड़ियां मंगवाई गई थीं जिन्हें परस्पर जोड़कर चुनड़ी रोल तैयार किया गया था। विधि विधान से चुनड़ी पूजन के बाद चुनड़ी रोल को सजी हुई ट्रॉली पर एवं यमुना मैया के श्रृंगार की विविध सामग्री को सिर पर धारण करके सभी मनोरथी बैंड बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा के रूप में विश्रामघाट के लिए रवाना हुए। परिषद् की ओर से सभी महिलाओं को मांग-टीका व पुरुषों को चुनड़ी के दुपट्टे भेंट किए गए।

महिला परिषद् के इस चुनड़ी मनोरथ महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए समाज अध्यक्ष श्री प्रदीप जी बाहेती एवं उपाध्यक्ष श्री रमेश जी सोमानी विशेष रूप से मथुरा पधारे। समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री बाल किशन जी सोमानी, श्री बजरंग जी जाखोटिया तथा निवर्तमान अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जी काबरा, समाज संरक्षक श्री राजेन्द्र जी मूंदड़ा तथा श्री रमेश चंद्र जी मनिहार, समाज उपाध्यक्ष श्री अनिल जी सारड़ा, प्रमुख समाज सेवी श्री सत्य नारायण जी काबरा (जे.डी.), श्री केदारमल जी भाला, श्री उमेश जी सोनी, अभिनंदन भवन उपाध्यक्ष श्री गिर्राज जी मोदानी एवं सचिव श्री शांतिलाल जागेटिया, महिला परिषद की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी जी

परवाल, श्रीमती सविता जी पटवारी एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती अनीता काबरा सहित बहुत से गणमान्यजन मनोरथी के रूप में चुनड़ी मनोरथ महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। श्री जुगल जी कोठ्यारी एवं निवर्तमान समाज महामंत्री श्री संजय माहेश्वरी का संपूर्ण आयोजन की व्यवस्थाओं में विशेष योगदान रहा।

विश्राम घाट पर चुनड़ी मनोरथ के लिए अत्यंत आकर्षक सजावट की गई थी। मनमोहक पुष्प सज्जा एवं यमुना जल में बनी फ्लोटिंग रंगोली की शोभा देखते ही बनती थी। पुष्पसज्जा व रंगोली के प्रायोजक श्रीमती सरोज जी-श्री रमेश चंद्र जी मनिहार रहे। यमुना श्रृंगार का प्रायोजन श्रीमती रश्मि जी-श्री राजेश जी काबरा ने किया। मथुरा के भजन गायक कृष्णा बृजवासी एवं पार्टी तथा मुंबई से चुनड़ी मनोरथ में भाग लेने के लिए पधारीं श्रीमती कुसुम काबरा ने अपने सुमधुर भजनों से सभी मनोरथियों व श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। भजनांजलि कार्यक्रम का प्रायोजन श्रीमती ज्योति जी-श्री नरेश जी अजमेरा ने किया। विश्राम घाट पर कमल पंडा जी के नेतृत्व में 14 पंडितों ने मंत्रोच्चार कर मुख्य यजमान एवं 26 यजमान दम्पत्तियों से यमुना महारानी की पूजा-अर्चना करवाई तथा सभी मनोरथियों ने यमुना जी की पूजा के बाद 40 नौकाओं से यमुना महारानी को चुनड़ी ओढ़ाने के लिए प्रस्थान किया।







सबसे आगे फूल मालाओं से सुसज्जित नौका में मुख्य यजमान राठी दम्पत्ति के साथ समाज अध्यक्ष प्रदीप जी बाहेती- श्रीमती प्रीति जी, महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी- संजय माहेश्वरी, परामर्शक श्री जुगल जी कोठ्यारी-श्रीमती उषा जी, चुनड़ी मनोरथ संयोजक श्रीमती शांता-रविंद्र झंवर एवं अन्य गणमान्य जन चुनड़ी का अग्रभाग ले कर रवाना हुए उसके बाद एक-एक कर 40 नौकाओं में विराजे परिषद् सचिव स्नेहलता- शशि साबू, सभी प्रायोजक, यजमान एवं मनोरथी यमुना जी को चुनरी ओढ़ाने के लिए यमुना नदी में आगे बढ़ते रहे। सामने वाले घाट तक पहुंचकर पूरी यमुना जी को चुनड़ी ओढ़ाने के बाद नौकाएं पुन: विश्राम घाट की ओर बढ़ने लगीं। केसरिया रंग की इतनी लंबी चुनड़ी यमुना महारानीजी को जब पूरी गोलाई में ओढ़ाई गई तो उसकी शोभा अवर्णनीय थी। श्रद्धा और उल्लास से भरे सभी मनोरथी यमुना महारानी और श्री राधे कृष्ण के जयकारे लगा रहे थे तथा सब पूरे जोश से भजन और गीत गा रहे थे। विश्राम घाट पर भजनांजलि का कार्यक्रम भी निरंतर चलता रहा था। लगभग 4 घंटे तक चले इस अनुष्ठान में सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति व आनंद के सागर में खूब गोते लगाए।

अनुष्ठान के बाद सभी मनोरथियों ने गिरिराज जी वापस पहुंच कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि माहेश्वरी भवन में सभी मनोरथियों के लिए प्रात: नाश्ते, दोपहर में भोजन तथा रात्रिभोज की सुंदर व्यवस्था की गई थी। चार स्वादिष्ट भोजनों, नाश्ते व रात्रि को एक दिन कढ़ाई के केसरिया दूध तथा दूसरे दिन छाछ-राबड़ी व सूप की श्रेष्ठ व्यवस्था की सभी आगन्तुकों ने भरपूर सराहना की। सम्पूर्ण कार्यक्रम में जल व्यवस्था का प्रायोजन श्रीमती कंचन जी- श्री उमेश जी सोनी ने किया, जिसके लिए महिला परिषद् की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। भोजन के पश्चात सुपारी, चूर्ण व मुखवास की व्यवस्था श्री सत्यनारायण जी काबरा (जे.डी. सुपारी) की ओर से नि:शुल्क की गई जिसके लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## कंडवारा

13 मार्च की शाम को जतीपुरा मुखारविंद पर श्री गिरिराज जी को पोशाक धारण कराई गई तथा कंडवारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसके यजमान श्रीमती उषा जी-जुगल जी कोठ्यारी रहे। महिला परिषद् की ओर से कोठ्यारी दम्पत्ति को दुपट्टा साफा पहना कर सम्मानित किया गया। कंडवारा प्रसादी का आयोजन माहेश्वरी भवन में ही रखा गया था। भोजन प्रसाद ग्रहण करने के बाद रात्रि को 11 बजे सभी मनोरथियों ने जयपुर के लिए प्रस्थान किया। चुनड़ी मनोरथ अनुष्ठान के लिए पंजीयन कराने वाले मनोरथियों को प्रसाद स्वरूप यमुना जी को ओढ़ाई गई चुनड़ी की साड़ियां तथा कंडवारा प्रसाद महिला परिषद् की ओर से भेंट किया गया।

इस विराट अनुष्ठान को निर्विघ्न सम्पन्न कराने में निम्नांकित सेवाभावी समाजसेवियों का प्रमुख योगदान रहा :-

चुनड़ी मनोरथ महोत्सव हेतु विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए **श्री विवेक जी लढ्ढा** का हार्दिक आभार।

**परामर्शक :** श्री जुगल कोठ्यारी एवं श्रीमती सविता पटवारी

**सोशल मीडिया :** श्रीमती अल्पना-श्री दीपक शारदा

**बस व्यवस्था :** श्री सुनील मालपानी, श्री शशि साबू, श्री बृजमोहन बाहेती, श्री डी.पी. बियानी, श्री प्रकाश बिड़ला।

**रसोई व्यवस्था :** श्री शंकर लड्ढा, श्री विनोद मारू, श्री विष्णु लड्ढा,

**भोजन व्यवस्था :** श्रीमती राजेश्वरी परवाल एवं टीम, श्रीमती शशि बिजय लखोटिया एवं टीम, श्री महेश चांडक, श्री गोपाल जाजू व अन्य सहयोगी।

**गोविंद कुंड व्यवस्था :** श्री कपूर चन्द्र तोतला, श्री मुकेश लड्ढा, श्री सत्यनारायण काबरा (श्री माधोपुर), श्री गोविंद साबू।

**फागोत्सव व्यवस्था :** श्रीमती नम्रता-श्री घनश्याम नोवाल, श्री श्याम भंडारी।

**विश्राम घाट व्यवस्था :** श्री कमल सोमानी, श्री गोविंद कांकाणी, श्री अनिल कोठ्यारी, श्री मुरारीलाल बिड़ला।

**प्रसाद वितरण व्यवस्था :** श्री महेश परवाल, श्री रवीन्द्र झंवर।

# क्या है चुनड़ी मनोरथ?

■ संजय माहेश्वरी

मनोरथ का अर्थ है मनोकामना अथवा इच्छा। चुनड़ी का अर्थ आप जानते ही हैं, जो भारतीय परिधान का एक अभिन्न अंग है। किसी भी घरेलू उत्सव में अथवा विवाह, मंगनी जैसे पवित्र आयोजनों में स्त्रियों को चुनरी ओढ़ाने की रीत है। यह सुहागन का अधिकार है। दिव्य नारी सुलभ पवित्रता का प्रतीक है। चुनड़ी मनोरथ में यमुनाजी को चुनड़ी अर्पित की जाती है। उन्हें पावन मथुरा नगरी की देवी और भगवान श्री कृष्ण की पटरानी माना जाता है। परिवारजन उन्हें अर्पित करने के लिए अत्यंत लम्बी साड़ी लाते हैं जिसे वे कई साड़ियों को जोड़ कर बनाते हैं। प्राय: 101 साड़ियों को आपस में सिलकर ये लम्बी साड़ी तैयार की जाती है और उसका रोल बनाकर बैंड-बाजों सहित शोभायात्रा के रूप में यमुना तट पर लाया जाता है। इस साड़ी रोल को घाट पर विराजमान कर साड़ी के एक छोर को इसी तट पर रखा जाता है और साड़ी को अनेक नौकाओं द्वारा पावन नदी के उस पार तक ले जाते हैं। जब साड़ी का दूसरा छोर नदी पार कर दूसरे किनारे तक पहुंचता है तो ऐसा प्रतीत होता है मानो यमुना जी ने चुनड़ी ओढ़ ली है। साधारणत: यह परिवारजनों द्वारा किसी विशेष प्रयोजन से अथवा किसी मनोकामना के पूर्ण होने पर कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए आयोजित किया जाता है।

यह अनुष्ठान करने वाले श्रद्धालु जन अपने परिजनों, सगे-सम्बंधियों और इष्टमित्रों को साथ ले कर पूर्ण श्रद्धाभाव से बृजभूमि आते हैं और मथुरा या वृन्दावन में पावन यमुना नदी को चुनड़ी ओढ़ाते हैं। माना जाता है कि मथुरा में कंस का वध करने के बाद श्रीकृष्ण व बलराम ने यमुना नदी के एक घाट पर कुछ देर ठहर कर विश्राम किया था, वही पावन घाट 'विश्राम घाट' के नाम से प्रसिद्ध है। इसलिए विश्राम घाट पर चुनड़ी मनोरथ अनुष्ठान आयोजित करना विशेष फलदायी माना जाता है। विश्राम घाट पर सपरिवार आ कर श्रद्धालुजन भजनों, नृत्यों के साथ यमुना महारानी की पूजा अर्चना करते हैं और श्रद्धा व उल्लास से नौकाओं में बैठ कर यमुना जी को चुनड़ी ओढ़ाते हैं। इस प्रकार चुनड़ी मनोरथ हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत को सहेजने वाले प्रमुख अनुष्ठान के रूप में अत्यन्त लोकप्रिय है।

## चुनड़ी मनोरथ की कथा

एक समय ब्रज की गोपियों को कृष्ण के संग खेलते एवं रास लीला रचाते हुए गर्व उत्पन्न हो गया था। उन्हें ऐसा प्रतीत होने लगा कि कृष्ण सदैव उनका कहा मानते हैं तथा वे जो कहें वह करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। जैसे ही कृष्ण को यह आभास हुआ, उन्होंने गोपियों को सही दिशा दिखाने का निश्चय किया और गोपियों के समर्पण को जांचने के लिए वे आँख मिचौली करते हुए पवित्र यमुना जी के जल के भीतर जाकर अदृश्य हो गए। उन्हें न देखकर सभी गोपियों को अत्यंत पीड़ा हुई तथा उनकी दुर्गति होने लगी। भावविह्वल होकर उन्होंने 'गोपी गीत' (श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध में वर्णित मूलत: संस्कृत गीत) गाना आरम्भ कर दिया। वे एक वन से दूसरे वन तक तथा एक तालाब से दूसरे तालाब तक दर-दर भटकने लगीं। अंतत: वे यमुना महारानी के समीप गयीं तथा उनसे कृष्ण के विषय में पूछा। गोपियों की दुर्दशा एवं उनका दारुण दु:ख देख यमुनाजी का हृदय करुणा विगलित हो गया। उन्होंने कृष्ण से बाहर आकर गोपियों के मलिन मुखों तथा उनके जीवन में आनंद वापिस लाने का अनुनय किया। यमुना जी के आग्रह पर श्रीकृष्ण प्रकट हुए। उनके दर्शन कर प्रसन्न हुई गोपियों ने यमुनाजी को धन्यवाद दिया तथा कृतज्ञता प्रकट करने हेतु उन्हें चुनड़ी अर्पित की। उस समय से चुनड़ी मनोरथ की यह परंपरा स्थापित हो गयी। भक्तगण इच्छा पूर्ति के उपरांत पावन यमुना नदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए उन्हें चुनड़ी ओढ़ाने के लिए सपरिवार आते हैं।














MEDIA LINK™
BY MANGALAM COMPUTECH LTD.
LET'S
SHOW
YOU
OFF !
@medialinkjaipur
DIGITAL MARKETING | DIGITAL & PRINT DESIGNING | PHOTOGRAPHY | BRANDING
CONTENT CREATION | DIGITAL ADS | SHOPIFY WEBSITE
+91 86969 52566
contactus@medialink.in
www.medialink.in
MEGHA BHUTRA
KHUSHBOO BHUTRA
SINCE 1986
MANGALAM
COMPUTECH LTD.
Apart from Broker's Accounting Software, we also specialize in
Investor's Accounting Software
For details, contact: +91-9314503965

# होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

